राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 63 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417


actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं।

## मनीष सिसोदिया की रिमांड 6 मार्च तक बढ़ी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। आज मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने सिसोदिया की तीन दिनों की हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट के पूछे जाने पर सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया से रोजाना रात आठ बजे तक पूछताछ हुई है। सिसोदिया की ओर से वकील दायन कृष्णन ने कहा कि सीबीआई की पहले दिन की हिरासत अर्जी और आज क हिरासत अर्जी में कोई अंतर नहीं है। तब कोर्ट ने कहा कि ये देखना होगा कि कितनी चीजों पर अभी पूछताछ बाकी है।

## देश को बदनाम करने में जुटे हैं राहुल गांधीः भाजपा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि बीते दिनों कैंब्रिज विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने जिस तरह देश को अपमानित और बदनाम करने की कोशिश की वैसा तो पाकिस्तान भी नहीं करता है। संबित ने कहा कि देश में इस समय जी20 चल रहा है। यहां शीर्ष 20 देशों के प्रतिनिधि भारत की तारीफ कर रह हैं लेकिन यह दुखद है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। संबित ने कहा कि आज भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा

# भारत ने एलएसी पर बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

### भारत के सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया, जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन

**सीमा विवाद**

= सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया और जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**देश की** राजधानी में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के बीच भारतीय सेना ने अचानक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। भारतीय सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया और जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं हैं। जी-20 सम्मेलन से अलग चीन और भारत के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हुई है, जिसमें डॉ. एस. जयशंकर चीन के साथ संबंधों को 'असामान्य' बता चुके हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी 20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर चीनी विदेश मंत्री किन गांग से दिल्ली में करीब 45 मिनट तक मुलाकात की। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर स्थिति को नियंत्रण में रखने की बात कही। उन्होंने दोनों पक्षों को महत्वपूर्ण सहमति लागू करने, संवाद बनाए रखने और मतभेदों को सुलझाने की वकालत की। भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखकर सामान्य नियंत्रण के लिए सीमा की स्थिति के शुरूआती बदलाव को बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बीच अचानक भारतीय सेना ने गलवान घाटी और पैन्गोंग झील एरिया में अचानक हलचल बढ़ा दी। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात भारतीय सेना की टुकड़ियों ने एलएसी के आसपास के इलाकों में घोड़ों और खच्चरों से सर्वेक्षण किया। इसके अलावा जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं। सेना ने आधिकारिक तौर पर तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें भारतीय सैनिक पूर्वी लद्दाख में किसी स्थान पर क्रिकेट खेलते दिख रहे हैं।

### हम असंभव को संभव बनाते हैं: सेना की 14 कॉर्प्स

**लेह** स्थित सेना की 14 कॉर्प्स ने ट्वीट किया, "पटियाला ब्रिगेड, त्रिशूल डिवीजन ने शून्य से नीचे तापमान में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में पूरे उत्साह और जोश के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया, हम असंभव को संभव बनाते हैं।" हालांकि, सेना ने इस स्थान का खुलासा नहीं किया, लेकिन यह जगह पेट्रोलिंग प्वाइंट 14 से लगभग 4 किलोमीटर दूर है। गलवान घाटी की यह वही जगह है, जहां 15/16 जून, 2020 को चीनी सेना ने भारत के जवानों पर विश्वासघात कर हमला किया था। इस हमले में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और चीन ने काफी समय बाद माना कि इस संघर्ष में उसके भी 5 जवान मारे गए थे। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच मई, 2020 से गतिरोध चल रहा है, लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद तनाव और बढ़ा, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं और कई बार विवाद की भी स्थिति पैदा हुई है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर जिस जगह भारतीय सेना के जवानों ने क्रिकेट खेली, वह स्थान भारत और चीन की ओर से आमने-सामने के टकराव से बचने के लिए बनाए गए बफर जोन से अच्छी खासी दूरी पर है।

## आतंकी पन्नू की शाह-सीएम मान को धमकी




**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**

**सिख** फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने देश के गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के मुख्यमंत्री सीएम भगवंत मान को धमकी दी है। इसके साथ उसने शनिवार की सुबह पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर खालिस्तान समर्थन के साथ-साथ जी20 देशों के प्रतिनिधियों का खालिस्तान में स्वागत के स्लोगन भी लगा दिए हैं। पन्नू ने गृहमंत्री शाह और सीएम मान को खुली चुनौती दी है। आतंकी पन्नू का कहना है कि बीते दिनों पंजाब के सैकड़ों घरों पर केंद्र व पंजाब सरकार ने पुलिस भेजी। लोगों को परेशान और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। पंजाब के घर-घर में बारूद बन रहा है। यह बारूद तभी फटेगा, जब वे चाहेंगे। इसमें गृहमंत्री शाह और सीएम मान की राजनीतिक मौत होगी।

**पंजाब-हरियाणा खालिस्तान का हिस्साः** पन्नू ने कहा कि शंभु बॉर्डर पर लिखे गए स्लोगन भारत को संदेश है।

अब पंजाब और हरियाणा भारत का हिस्सा नहीं है और यह खालिस्तान है। पन्नू ने राज्य के युवाओं को 15-16 मार्च को जी20 में पहुंच रहे प्रतिनिधियों को खालिस्तान का संदेश पहुंचाने के लिए इकट्ठे होने के लिए भी कहा है।

## बिल गेट्स ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**अमेरिकी** बिजनेसमैन बिल गेट्स ने शुक्रवार को भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने हेल्थ, क्लाइमेट चेंज, जी20 प्रेसिडेंसी समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। इस मुलाकात के बारे में बिल गेट्स ने अपने ऑफिशियल ब्लॉग गेट्सनोट्स में लिखते हुए भारत की तारीफ की। 'मैं इस हफ्ते भारत में हूं। ऐसे समय में जब दुनिया कई चुनौतियों से घिरी है, भारत जैसी डायनामिक और क्रिएटिव जगह पर होना प्रेरणादायक है।'

## 'अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति है। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सह-संचालन उद्योग एवं आंतरिक



व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा अवसंरचना और निवेश विषय पर आयोजित बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास में अवसंरचना का महत्व हमेशा से ही रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की ग्रोथ को नई ऊर्जा देने वाला है। दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स और कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेस ने भारत के बजट और उसके रणनीतिक निर्णयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अवसंरचना विकास पर निवेश नहीं करने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लिया।



# हरियाणा में सरपंचों पर सरकार की सख्ती

## 2 घंटे में पंचकूला-चंडीगढ़ रोड खाली करने का नोटिस थमाया, एक तरफ का रास्ता खोलना पड़ा

**8 चंडीगढ़ और पंचकूला के पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। एक तरफ का रास्ता खोलना पड़ा**





**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** में ई-टेंडरिंग के खिलाफ पंचकूला में चंडीगढ़ बॉर्डर में पक्का धरना लगाकर बैठे सरपंचों पर सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। सरपंचों को रोड ब्लॉक करने पर ACP कम एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने नोटिस जारी कर दिया है। जिसमें उन्हें 2 घंटे में रोड खाली करने को कहा गया है। यह भी चेतावनी दी गई कि अगर वह दिए टाइम में रोड खाली नहीं करेंगे तो रविवार 10 बजे एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने बयान दर्ज करवाने होंगे।

**पीछे हटे सरपंच, एक तरफ का रास्ता खोलना पड़ा:** सरकार की सख्ती के बाद सरपंच पीछे हट गए। उनकी चंडीगढ़ और पंचकूला के पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। जिसके बाद उन्हें एक तरफ का रास्ता खोलने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब चंडीगढ़ से पंचकूला जाने वाला रास्ता खोल दिया गया है।

**लिखित समझौते पर सरपंचों ने किए हस्ताक्षर:** पुलिस के साथ हुए समझौते पर सरपंचों ने साइन भी किए ताकि कल इस बारे में पुलिस या प्रशासन कोई सख्त फैसला न ले। इस बारे में सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा हम एक साइड में ही बैठे रहेंगे। इस दौरान सरपंच शांति पूर्वक तरीके से अपनी मांगों को लेकर दूसरी तरफ प्रदर्शन करेंगे।

**लाठीचार्ज के बाद लगाया पक्का धरना:** 2 दिन पहले सरपंचों ने चंडीगढ़ में हरियाणा सीएम के निवास के घेराव की घोषणा की थी। इसके लिए 20 हजार सरपंच पंचकूला में इकट्ठा हुए। हालांकि चंडीगढ़ में घुसने से पहले पुलिस ने उन्हें रोक लिया। सरपंचों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। जिसके बाद पुलिस ने सरपंचों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जिसमें 100 से ज्यादा सरपंच और पुलिसकर्मी घायल हुए। इसके बाद पुलिस ने सरपंचों के खिलाफ केस भी दर्ज किया। हालांकि इससे खफा सरपंच अब पंचकूला में पक्का धरना लगाकर बैठे हैं।

**9 मार्च को होगी सीएम से मीटिंग:** सरपंच पंचायत के 2 लाख से ज्यादा के काम में ई-टेंडरिंग का विरोध कर रहे हैं। हालांकि सरकार इससे इनकार कर चुकी है।

सरपंचों की पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली से मीटिंग हुई। उसके बाद सीएम के डरऊ भूपेश्वर दयाल से भी बात हुई लेकिन उसमें भी सहमति नहीं बनी। इसके बाद सरपंचों और डीआईजी पंचकूला मीटिंग हुई। जिसमें 9 मार्च को सरपंचों को सीएम से मुलाकात का न्योता दिया गया है।

# हरियाणा में पुरुष कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव

## पूरी नौकरी में 730 दिन की छुट्टी; 23 फरवरी से मिलेगा लाभ नोटिफिकेशन जारी



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा में** अब एकल (सिंगल) पुरुष सरकारी कर्मचारी भी दो साल की बाल देखभाल छुट्टी ले सकेंगे। वह अपनी पूरी नौकरी में 730 दिन तक की छुट्टी ले सकेंगे। 18 साल तक के दो बच्चों की देखभाल के लिए दो साल और दिव्यांग बच्चों की देखभाल के मामले में आयु की कोई सीमा नहीं होगी। हरियाणा सरकार की 2022 में हुई कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया था, अब वित्त विभाग ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**23 फरवरी से मिलेगा लाभ:** हरियाणा वित्त विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ 23 फरवरी 2023 से मिल सकेगा। केंद्र सरकार पहले ही एकल पुरुष कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव दे रही है। केंद्र सरकार की तरह ही हरियाणा सरकार अब कर्मचारियों को राहत दी है।

**ये कर्मचारी होंगे पात्र:** एकल पुरुष सरकारी कर्मचारी (विधुर या तलाकशुदा) और महिला सरकारी कर्मचारी 18 वर्ष की आयु तक के अपने दो बड़े बच्चों की देखभाल लिए अपनी पूरी सेवा के दौरान अधिकतम दो साल (यानी 730 दिन) के लिए चाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा सकते हैं। दिव्यांग बच्चों के मामले में सक्षम स्वास्थ्य अधिकारी की तरफ से जारी प्रमाण पत्र के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक अशक्तता और दिव्यांग बच्चा के पूरी तरह से महिला या एकल पुरुष सरकारी कर्मचारी पर निर्भर होने की स्थिति में ही लाभ मिलेगा।

**अभी तक महिलाओं को ही मिल रहा था लाभ:** अभी तक चाइल्ड केयर लीव का लाभ महिला कर्मचारियों को ही मिल रहा था। 14 दिसंबर को दिसंबर 2022 को हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी के बाद अब चाइल्ड केयर लीव का लाभ सिंगल पुरुष कर्मचारियों को भी मिल सकेगा।

# पंचकूला में 35वां स्प्रिंग फेस्टिवल शुरू

## मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन, फूलों की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ लेजर शो का होगा आयोजन



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**बसंत ऋतु** के आगमन के साथ ही पंचकूला में शनिवार को 35वें स्प्रिंग फेस्टिवल की शुरूआत हुई। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल और उनकी पत्नी नमिता कौशल ने पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित यवनिका टाउन पार्क में फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव कौशल ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद स्प्रिंग फेस्टिवल सभी के जीवन में नई उमंग लेकर आया है। इस बार के स्प्रिंग फेस्टिवल में फूलों की विभिन्न किस्मों सहित ड्राई फ्लॉवर डेकोरेशन भी आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने बताया कि इस बार आगंतुकों को फ्लोरल ज्वैलरी, सब्जी की नक्काशी, लेजर शो इत्यादि देखने को मिलेगा। बच्चों के लिए विशेष तौर पर कठपुतली शो और मैजिक शो का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि 2 दिवसीय इस स्प्रिंग फेस्टिवल में लगभग 50 हजार लोगों के आने की संभावना है। मुख्य सचिव ने कहा कि हाल ही में फरीदाबाद में सुरजकुंड मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 5 लाख से अधिक लोग आए। इस प्रकार के मेले और फेस्टिवल समाज के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। संजीव कौशल ने पत्नी नमिता कौशल के साथ पूरे टाउन पार्क का दौरा किया और फूलों की किस्मों, ड्राई फ्लॉवर डेकोरेशन, सब्जी की नकाशी सहित विभिन्न स्टॉल पर जाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। बठिंडा से आई खिलाड़ियों की एक टीम ने हैरतंगेज करतब दिखाए। मुख्य सचिव ने टीम के सभी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनकी बहादुरी के लिए प्रसंशा की। खिलाड़ियों ने मुख्य सचिव का आभार जताया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि इस बार 1500 से ज्यादा स्कूल, संस्थान और संगठन भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय फेस्टिवल के दौरान स्कूली बच्चे हास्य रस सम्मेलन, मेहंदी, फैंसी ड्रेस, डुएट डांस, मोनो एक्टिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पॉट पेंटिंग, फेस पेंटिंग और लोक नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। कई कार्यक्रम रविवार को भी होंगे। फेस्टिवल के दौरान शाम को ओपन एयर थिएटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। महावीर गुड्डू सहित अन्य कलाकार का जादू बिखरेगा। इसके अलावा, पहली बार हॉट एयर बैलून और आईटीबीपी बैंड भी इस फेस्टिवल का हिस्सा बने हैं। इस अवसर पर एचएसवीपी के प्रशासक धर्मवीर सिंह, मुख्य अभियंता हरिदत्त शर्मा और संजीव चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता राजीव शर्मा और आदित्य शर्मा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपास्थित थे।

# आईपीएस ममता सिंह होंगी हरियाणा की एडीजीपी लॉ एंड आर्डर

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा सरकार ने शुक्रवार देर रात आदेश जारी कर प्रदेश के एक दर्जन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया है। जिसके तहत सबसे महत्वपूर्ण आईपीएस ममता सिंह अब प्रदेश की एडीजीपी लॉ एंड आर्डर होंगी। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केंद्र से प्रतिनियुक्ति पर आए सिबास कविराज को अंबाला रेंज के आईजी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले कविराज रीजनल पासपोर्ट कार्यालय में सेवाएं दे रहे थे। आईपीएस श्रीकांत जाधव को एडीजीपी हिसार रेंज लगाया गया है। अमिताभ ढिल्लो अब आईजी मॉर्डनाइजेशन के अलावा आईजी मधुबन का भी कार्यभार संभालेंगे।

# झज्जर में भाजपा अध्यक्ष धनखड़ का कार्यालय घेरा




**8 मंत्री संदीप पर महिला खिलाड़ी से छेड़छाड़ के आरोप हैं। प्रदर्शनकारी बर्खास्त गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे**

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को झज्जर में न्याय संघर्ष समिति के बैनर तले महिलाएं और पुरुष सड़क पर उतरे। शहर में प्रदर्शन करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के आवास को घेरने पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। मंत्री संदीप पर महिला खिलाड़ी से छेड़छाड़ के आरोप हैं। प्रदर्शनकारी उनको बर्खास्त और गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। महिला कोच को न्याय दिलाने के लिए बनी न्याय संघर्ष समिति के सदस्य शनिवार को झज्जर में पुराना बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए। बैठक के बाद वे प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले। प्रदर्शन की अगुआई जनवादी महिला समिति की वरिष्ठ नेता जगमती सांगवान ने की। इस प्रदर्शन में अनेक कर्मचारी व सामाजिक संगठन के सदस्य भी शामिल हुए।

भाजपाध्यक्ष ओपी धनखड़ के कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। आंदोलनकारी प्रदर्शन करते हुए धनखड़ के कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वे धनखड़ को ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन उनके यहां पर न होने उनके पीए ने ज्ञापन लेना चाहा। प्रदर्शनकारियों ने मना कर दिया और बाद में ज्ञापन में धनखड़ कार्यालय के साइन बोर्ड पर चस्पा कर दिया। यहां पर चेतावनी दी गई कि जब तक बेटी को न्याय नहीं मिल जाता तब तक उनका संघर्ष यूं ही जारी रहेगा। जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमती सांगवान ने कहा कि ओपी धनखड़ को पीड़िता जूनियर कोच के घर जाकर इस मामले में उससे व उसके परिवार से मिलना चाहिए था।

# नागरिक अस्पताल के निक्कू वार्ड में लगी आग, बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा में** यमुनानगर के नागरिक अस्पताल के निक्कू वार्ड में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिस समय आग लगी वार्ड में नौ बच्चे भर्ती थे। मौके पर मौजूद स्टाफ के कर्मचारियों ने वार्ड में भर्ती सभी 9 बच्चे सुरक्षित निकाल लिए गए। जिनमें से 5 बच्चों को जगाधरी के नागरिक अस्पताल में भेजा गया है और 4 बच्चों की छुट्टी कर दी गई है।मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई। जानकारी देते हुए डॉक्टर अनूप गोयल ने बताया कि आज सुबह निक्कू वार्ड में आग लग गई थी। जिसमें 9 बच्चे भर्ती थे। वार्ड में लगे ए.सी में शॉर्ट सर्किट होने यह आग लगी है। वार्ड में रखे तीन वेंटीलेटर और अन्य मशीनें भी आग लगने से खराब हो गई है।

# नए विधानसभा भवन का मामला: सरकार के प्रस्ताव पर यूटी का मंथन

**8 हरियाणा के लीज होल्ड जमीन के प्रस्ताव पर यूटी के अधिकारियों ने मंथन शुरू कर दिया है**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के नए विधानसभा भवन को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में गतिरोध बना हुआ है। हालांकि हरियाणा के लीज होल्ड जमीन के प्रस्ताव पर यूटी के अधिकारियों ने मंथन शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने चर्चा के बाद तय किया है कि हरियाणा की प्रस्तावित मनसा देवी में 10 एकड़ भूमि का फिर से विजिट किया जाएगा।

**हरियाणा ने दिया ये प्रस्ताव:** हरियाणा ने नए विधानसभा भवन के लिए पैंतरा बदल जमीन के बदले जमीन पर दिए जाने के प्रस्ताव पर पंजाब की आपत्ति के बाद लीज होल्ड जमीन का प्रस्ताव दिया है। हरियाणा की ओर से इसके लिए कई उदाहरण भी दिए गए हैं। इनमें हरियाणा मिनी सचिवालय और पुलिस मुख्यालय की लीज होल्ड जमीन शामिल है।

**प्रस्ताव में इन उदाहरणों का उल्लेख:** पंजाब और हरियाणा के राज्य सिविल सचिवालय कैपिटल कॉम्प्लेक्स के हिस्से सेक्टर 1 में स्थित है, लेकिन जगह की मांग बढ़ने के साथ दोनों राज्यों ने चंडीगढ़ में ही अगल मिनी सचिवालय बनाए हैं। हरियाणा के पास विधानसभा के लिए जगह कम पड़ रही है। इसके लिए एक अलग से भवन निर्माण के लिए हरियाणा ने चंडीगढ़ में जमीन की मांग की है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी हरियाणा की मांग पर मुहर लगा चुके हैं।

**चंडीगढ़ से महंगी हरियाणा की जमीन:** हरियाणा की ओर से जमीन की अदला बदली किए जाने के प्रस्ताव में चंडीगढ़ प्रशासन को ज्यादा फायदा है। इसकी वजह यह है कि जो भूमि नए विधानसभा भवन की ओर से चंडीगढ़ द्वारा दी जानी है उसकी कीमत 1.2 लाख रुपए वर्ग गज है, जबकि हरियाणा की मनसा देवी स्थित भूमि का मूल्य 1.32 लाख रुपए प्रति वर्ग गज है। ऐसे में चंडीगढ़ को फायदा है।

**केंद्रीय मंत्री अमित शाह लगा चुके मोहर:** हरियाणा के नए विधानसभा भवन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपनी मोहर लगा चुके हैं।

लगभग पांच महीने पहले जयपुर में उत्तरी क्षेत्र परिषद की बैठक के दौरान हरियाणा के नए विधानसभा भवन के लिए मंजूरी दी थी। इसके बाद पंजाब के द्वारा इसको लेकर लगातार आपत्ति प्रकट की जा रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान चंडीगढ़ में हरियाणा को भूमि देने के लिए तैंयार नहीं हैं।

# 'खेल प्रतिभाओं के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है सांसद खेल महोत्सव'



**8 सांसद खेल महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जुनून और उत्साह देखने को मिल रहा है**

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद क्षेत्र में 10 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जुनून और उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार सुबह इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए आयोजित की गई मैराथन में लड़के और लड़कियों की युवा टोलियों को एक साथ दौड़ते देखा गया। करीब 5 किलोमीटर की इस मैराथन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। इस अवसर पर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने संदेश देते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है। यह प्रतियोगिता पूरे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति एक जागरूकता पैदा करने का अभियान भी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के तमाम लोकसभा क्षेत्रों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 12 मार्च तक फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर युवाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन खेल स्पर्धाओं में सभी नागरिक हिस्सा लें। मंत्री मूलचंद शर्मा ने मैराथन में विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र और टीशर्ट देकर सम्मानित भी किया

# दो गुटों में विवाद में चार लोग घायल, 13 पर केस

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** बरवाला क्षेत्र के गांव बनभौरी में गली में पेशाब करने से मना करने पर हुए विवाद में दो गुट भिड़ गये। इसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। घायलों के हाथ, पैरों और सिर पर चोटें लगी हैं। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर एक दर्जन से अधिक के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। बनभौरी गांव निवासी पप्पू ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। गत रात संजय नामक युवक को गली में पेशाब न करने के लिए कहा। इसी दौरान मनोज, पप्पू, सुभाष, बल्लू, रोहताश, अक्षय, गोगी, सोनू, विशाल, नवीन, दीपू, लीला, लेडा मौके पर आ गए और कहने लगे की संजय की बजाय हमारे को भला बुरा कह रहा है।

# फरीदाबाद का औद्योगिक मेला, तैयारियां जोरों पर



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
अप्रैल के अंतिम सप्ताह में फरीदाबाद में आयोजित होने वाला औद्योगिक मेला, सूरजकुंड मेले की तर्ज पर आयोजित होगा। इस मेले में अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले की तर्ज पर हस्त शिल्पकारों और हरियाणवी कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। मेले में फूडकोट में हरियाणवी व्यंजनों की भरमार रहेगी। जानकारी देते हुए एचएसआईआईडीसी के संपदा अधिकारी कम मेला नोडल अधिकारी विकास चौधरी ने बताया कि फरीदाबाद में लगने वाले औद्योगिक विशाल मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। यह मेला अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लगेगा। उन्होंने बताया कि औद्योगिक मेला-2023 एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ इतिहास रचने जा रहा है। दुनिया भर से और पूरे देशभर से अभूतपूर्व भागीदारी मेले की गवाह बनेगी। उन्होंने कहा कि पहली बार यह हस्तशिल्प, हथकरघा और भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि व विविधता को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। मेले की थीम हस्तशिल्प और उद्योगों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि हेलीपैड ग्राउंड में विशाल मेला मैदान कई एकड़ भूमि में फैलेगा।

# डोभी ग्राम पंचायत ने शहीदों के नाम पर रखे दो स्कूलों के नाम

## ग्राम पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया पास, प्रशासन ने दी मंजूरी, शहीदों का मान-सम्मान करना हर नागरिक का प्रथम कर्तव्य




**8 मंजूरी के बाद ग्राम पंचायत ने दोनों स्कूलों के मुख्य द्वार पर शहीदों के नाम लिखवा दिए हैं**

**हिसार/टीम एक्शा इंडिया**
**जिले** के गांव डोभी की ग्राम पंचायत ने शहीदों के सम्मान में ऐतिहासिक पहल करते हुए गांव के दो स्कूलों के नाम गांव के दो शहीदों के नाम पर रखने का प्रस्ताव पास किया है। पंचायत के प्रस्ताव को प्रशासन ने मंजूरी दे दी है और मंजूरी के बाद ग्राम पंचायत ने दोनों स्कूलों के मुख्य द्वार पर शहीदों के नाम लिखवा दिए हैं। इस बारे हरियाणा सरकार ने हाल ही में कहा था कि जो पंचायत स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखना चाहती है, वे प्रस्ताव पास करके प्रशासन से मंजूरी ले सकती हैं। गांव के सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में डोभी ग्राम पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद नायक ताराचंद के नाम पर तथा राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद मेजर अनुज राजपूत के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि शहीद नायक ताराचंद पुत्र पतराम 1971 के भारत-पाक युद्ध में देश के लिए शहीद हो गये थे। इसी तरह मेजर अनुज राजपूत पुत्र कुलवंत सिंह 20 सितम्बर 2021 को जम्मू कश्मीर के उद्यमपुर में आप्रेशन रक्षक के दौरान हुए हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की बैठक में ग्राम वासियों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद पंचायत के प्रस्ताव पर सहमति जताई। इस पर पंचायत के फैसले की प्रति आवश्यक कार्रवाई के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को भेज दी गई है। इस अवसर पर सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने कहा कि हमारे वीर शहीद देश की धरोहर है। वीरों व शहीदों को सम्मान देना हर नागरिक का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों की बदौलत ही लाखों देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलें और उनके संघर्ष व वीर गाथाओं

# जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप के डेलिगेट्स ने किया सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी का भ्रमण

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी (रामसर साइट) में पक्षियों के बारे में ली जानकारी

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप बैठक के समापन के बाद शनिवार को विभिन्न देशों के डेलिगेट्स ने शनिवार, चार मार्च को गुरुग्राम जिला की सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी (रामसर साइट) का भ्रमण किया। गुरुग्राम के गांव सुल्तानपुर के पास करीब 350 एकड़ क्षेत्र में फैली सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी को यूरोप, साइबेरिया व मध्य एशिया के प्रवासी पक्षियों का सर्दियों में प्रमुख केंद्र माना जाता है।



विदेशी मेहमानों को सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी के भ्रमण के दौरान प्रवासी पक्षियों के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इसी के साथ हरियाणा के गुरुग्राम में जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक की स्थाई स्मृति बनाए रखने के लिए सभी देशों व संगठनों के प्रतिनिधियों से पौधरोपण भी कराया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूह गठित कर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के प्रेरक कायज से भी डेलिगेट्स भ्रमण के दौरान रूबरू हुए।

**प्रवासी पक्षियों के बारे में प्रदर्शनी से कराया रूबरू:** पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव डा.एमडी सिन्हा ने बर्ड सेंचुरी परिसर में पहुंचने पर विदेशी मेहमानों का स्वागत किया और विस्तार से आयोजन की रूपरेखा सांझा की। उन्होंने रामसर साइट में शामिल सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी व यहां आने वाले प्रवासी पक्षियों से जुड़ी जानकारी से डेलिगेट्स को अवगत कराया। सर्दियों की शुरूआत से ही यहां पर विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है। भारत की इस प्रमुख बर्ड सेंचुरी में हर साल करीब 250 प्रजातियों के लाखों पक्षी यहां पर प्रवास करते हैं। सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी की विशेषताओं को देखते हुए इसे अब रामसर साइट में शामिल कर लिया गया है। इस दौरान वन एवं वन्य प्राणी विभाग की ओर से यहां प्रवास करने वाले प्रवासी व स्थानीय पक्षियों की प्रदर्शनी लगाई गई। विदेशी डेलिगेट्स ने प्रदर्शनी के माध्यम से पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

> 8 वैटलेंड क्षेत्र में दूरबीन के माध्यम से प्रवासी व स्थानीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया

**एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की स्मृति के लिए हुआ पौधरोपण:** सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी परिसर में जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक की स्मृति को स्थाई बनाने के लिए सभी डेलिगेट्स से पौधरोपण भी कराया गया। सभी डेलिगेट्स ने अपने-अपने देश व संगठन के नाम पर पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान सभी डेलिगेट्स बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने अपने-अपने देश के नाम की पट्टिका के साथ सेल्फी भी ली। इसके उपरांत डेलिगेट्स ने बर्ड सेंचुरी का भ्रमण किया। उन्होंने वैटलेंड क्षेत्र में दूरबीन के माध्यम से प्रवासी व स्थानीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया।

# 'सरपंच एक बार ई-टेंडरिंग लागू करे, सुधार की जरूरत हुई तो करेंगे चर्चा'

> 8 करीब 3800 पंचायतों के प्रस्ताव आ चुके हैं और काम शुरू हो चुके हैं। बहुत सी पंचायतों में ई-टेंडरिंग प्रणाली शुरू हो चुकी है

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने सरपंचों से एक बार ई-टेंडरिंग लागू करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरपंच ई-टेंडरिंग लागू करे। कहीं अगर उन्हें लगे कि सुधार की जरूरत है तो टेबल पर आकर इस पर चर्चा कर सकते हैं। टोहाना में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनकी सरपंचों के साथ हुई मीटिंग में सरपंचों ने एक मांग पत्र रखा था, जिसमें बहुत सी मांगों पर विचार करके इम्प्लीमेन्ट किया जा सकता है। सीएम मनोहर लाल अभी जी-20 के कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, इनके निपटने के बाद सरपंचों को कैबिनेट के साथ बैठाकर उनकी मांगों पर चर्चा कर ली जाएगी। पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने सरपंचों की मांगों पर कहा है कि



उन्होंने पहले भी सरपंचों द्वारा दिए सुझाव लागू किए थे और आगे भी वे कहते हैं कि सरपंच एक बार ई-टेंडरिंग को लागू करें, कहीं अगर उन्हें लगे कि सुधार की जरूरत है तो टेबल पर आकर इस पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुने प्रतिनिधियों को मान-सम्मान देने का काम किया है। ई-टेंडरिंग प्रणाली सरकार द्वारा लागू की गई है। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे इसे लागू करें और गांवों को विकास की तरफ बढ़ाएं। सरकार गांवों को सुविधाएं देना चाहती है, गांवों को हालातों को बेहतरी की तरफ ले जाना चाहती है।

करीब 3800 पंचायतों के प्रस्ताव आ चुके हैं और काम शुरू हो चुके हैं। बहुत सी पंचायतों में ई-टेंडरिंग प्रणाली शुरू हो चुकी है। बता दें कि ई-टेंडरिंग और राइट टू रिकॉल जैसी कई मांगों पर सरपंच आंदोलन कर रहे हैं। 27 फरवरी को पंचायत मंत्री बबली के साथ उनकी बैठक बेनतीजा रही थी।

# कर्मचारी यूनियन ने विधायक आवास पर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने स्वास्थ्य विभाग के ठेका कर्मचारियों की मांगों तथा कौशल रोजगार निगम के नियमों में तुरंत प्रभाव से दुरूस्तीकरण करते हुए अन्य उचित मांगों के समाधान करने के लिए शनिवार को बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विधायक के प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह को ज्ञापन भी सौंपा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हनुमान मंदिर के नजदीक एकत्रित हुए। स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सोनू सोया, बादशाह खान अस्पताल के प्रधान रिंकू मांडोठिया तथा सचिव किरण सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए यह कर्मचारी, विधायक के आवास पर पहुंचे। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहेर व जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, बड़खल ब्लाक के प्रधान अनूप वाल्मीकि, मुकेश बेनीवाल, गिरीश राजपूत आदि नेता उपस्थित रहे। ठेका कर्मचारियों की न्याय उचित मांगों का सरकार तुरंत प्रभाव से समाधान करे।

# रोहतक में राजस्थान पुलिस की एसआई गिरफ्तार

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के रोहतक में राजस्थान पुलिस की एसआई को अवैध हथियार के साथ काबू किया हैं। जो सनसिटी हाइट के फ्लैट में किराए पर रहती थी। दिल्ली पुलिस अपहरण के मामले में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापेमारी कर रही थी। इस दौरान हरियाणा केसरी अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी को फ्लैट से ही गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस अपहरण के मामले में छापेमारी करते हुए रोहतक पहुंची थी। आरोपी के संदेह होने पर सनसिटी हाइट में पहुंची। जहां पर हरियाणा केसरी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं राजस्थान पुलिस की सब इंस्पेक्टर नैना



मिली। जिसको अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**दिल्ली पुलिस के साथ की छापेमारी:** सिटी थाना रोहतक के प्रभारी पीएसआई राजू सिंधू ने बताया कि थाना मोहन गार्डन दिल्ली में आरोपी सुमित नानंदल के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज हैं। आरोपी सुमित नांदल को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पुलिस छापेमारी के लिए रोहतक पहुंची थी। पुलिस चौकी सुखपुरा की टीम अरकप्रदीप, महिला सिपाही व

> 8 दिल्ली पुलिस अपहरण के मामले में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापेमारी कर रही थी

दिल्ली पुलिस की टीम के साथ सनसिटी हाइट फ्लैट पर पहुंचे।

**पुलिस को देखकर हथियार फेंके नीचे:** छापेमारी के दौरान फ्लैट का दरवाजा खटखटाया तो एक लडकी ने दरवाजा खोला। जिसके पास दो हथियार मिले। लड़की ने पुलिस टीम को देखकर अवैध हथियारों को नीचे फेंक दिया। जिसकी पहचान पानीपत के गांव सुताना निवासी नैना के रुप में हुई है।

# 'श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धारण करें स्वयंसेवक'

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा है कि स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर व अच्छा नागरिक बनकर समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड?ना चाहिए। इसके लिए हमें एकजुट होकर एक भारत, श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धारण करें और उसी दिशा में व्यवहारिक रूप से काम करें। हम भाष, रूप, वेशभूषा, रहन-सहन आदि में अलग हो सकते हैं लेकिन सबसे पहले हम भारतीय है। डा. कमल गुप्ता शनिवार को एचएयू के कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम सशक्त और शक्तिशाली है, कभी वो समय था जब हमारे देश पर अंग्रेजी हुकुमतों ने 200 साल तक शासन कर अत्याचार किए और हमारी सभ्यता को नष्ट करने का काम किया। उस समय महारानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जैसे वीर सपूतों और सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारी सभ्यता को अपने प्राण न्यौछावर कर बचाया। इसलिए हमें छोटे-बड़े अवसरों पर ऐसे शहीदों को याद करना चाहिए। समापन समारोह में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली में क्षेत्रीय निदेशक जैंगजिलांग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# 'आरटीआई नागरिकों को सरकार की गतिविधियों की जानकारी देने में सहायक'

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**लाला** लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के के अधिष्ठाता डा. गुलशन नारंग ने कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाने, सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना और वास्तविक अर्थों में हमारे लोकतंत्र को लोगों के लिए कामयाब बनाना है। यह स्पष्ट है कि एक जानकार नागरिक प्रशासन के साधनों पर आवश्यक सतर्कता बनाए रखने के लिए बेहतर सक्षम है और सरकार को अधिक जवाबदेह बनाता है। डा. गुलशन नारंग शनिवार को लुवास के मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशालय की ओर से प्राध्यापकों एवं वैज्ञानिकों के लिए आयोजित सूचना के अधिकार एवं तनाव नियंत्रण पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर संबोधन दे रहे थे। उन्होंने बताया कि यह कानून नागरिकों को सरकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए सहायक है। उन्होंने प्रशिक्षनार्थियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के



बारे में बताया कि आपको जो इस ट्रेनिंग में विशेषज्ञों द्वारा जो टिप्स मिलें है उनकी लगातार प्रैक्टिस करके आप स्ट्रेस को कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जितना काम आप पेंडिंग रखेंगे स्ट्रेस बढ़ेगा इसलिए जितना हो सकें काम को समय पर करने की कोशिश करें एवं काम को एक जिम्मेवारी के रूप में लें जिससे कि आप में तनाव होने की संभावना काफी कम हो जाएगी। विभागाध्यक्ष डॉ. सज्जन सिहाग ने मिल्लेट्स के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बदलती लाइफस्टाइल के कारण बीमारियां भी बढ़ने लगी है। लोग अब धीरे-धीरे पुराने खान-पान की तरफ लौटने लगे हैं। पुराने खान-पान में मिलेट्स की मात्रा भरपूर होती थी, लेकिन शॉर्टकट खान-पान के चक्कर में वक्त के साथ-साथ इनसे दूर होने लगे। मिलेट्स के प्रति लोगों में अब जागरूकता बढ़ी है। यह चिकित्सीय गुणों से युक्त होते हैं। उन्होंने बताया कि बाजरा, रागी, अमरनाथ या रामदाना, कुट्ठ, सानवा और ज्वार आदि मोटे अनाज के उदाहरण हैं इनके फायदे पाचन से शुरू होकर मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल लेवल और उत्तकीय मरम्मत करने तक में दिखते हैं। मोटे अनाज का सेवन हमारे देश व प्रदेश के वातावरण के अनुसार हमारे स्वास्थ्य के लिए सही है। मानव संसाधन निदेशालय के निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह ढाका ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राध्यापकों को सूचना के अधिकार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देना था।

# रेवाड़ी में एसडीएम के ड्राइवर ने की आत्महत्या

**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी की** एम्पलाइज कॉलोनी में रहने वाले एसडीएम के ड्राइवर ने शुक्रवार की रात लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव घर में फंदे पर झूलता मिला। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ी बोलनी रोड स्थित एम्पलाइज कॉलोनी निवासी सूरतानंद उर्फ सूरज (27) रेवाड़ी एसडीएम के पास बतौर ड्राइवर नियुक्त था। वह अपने घर पर आया और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद, 25 हजार जुर्माना

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीजे** राजेश कुमार मेहता की अदालत ने शनिवार को 12वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषी स्कूल बस चालक गांव बालक निवासी सुशील को पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल कैद और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत में चले मामले के अनुसार हिसार के नारनौद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि वह 12वीं कक्षा में पढ़ती है। स्कूल बस ड्राइवर सुशील से उसकी फोन पर बातचीत होती थी। पांच नवंबर 2019 को जींद के अस्पताल से दवाई लेकर वापस आते हुए



सुशील जरूरी काम का बहाना बनाकर उसे बाइक पर बैठाकर मिलकपुर रोड पर खेत में बने कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। सुशील ने उसे धमकी दी कि अगर घटना के बारे में किसी को बताया तो गोहाना में पढ़ाई कर रहे उसके भाई को जान से मार देगा। लड़की ने बताया कि इसके बाद वह डर गई और घरवालों को कुछ नहीं बताया। सुशील फिर से उससे फोन पर बात करने लगा। 22 जनवरी 2020 को वह अपने खेत में काम करने के लिए गई थी। उसे अकेली पाकर उसके साथ गलत काम किया और धमकी दी। पर उसने घर आकर सारी घटना अपनी मां को बताई। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर 30 जनवरी 2020 को सुशील को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

तभी से यह मामला एडीजे कोर्ट में चल रहा था। इसी मामले में एडीजे महता की कोर्ट में शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने और सबूतों के आधार पर सुशील को दोषी करार कर यह सजा सुनाकर जुर्माना लगाया गया है।

# गैंगस्टर चीकू और उसके साले की प्रॉपर्टी अटैच

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल** में एनआईए की टीम ने शनिवार को फिर से गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू और उसके रिश्तेदार के यहां सेक्टर एक में रेड की। एनआईए टीम ने सुरेंद्र चीकू के गांव मोहनपुर व उसके साले भूपेश की नारनौल के सेक्टर एक की प्रॉपर्टी को अटैच कर दिया है। एनआईए की टीम नारनौल में गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के ठिकानों पर तीन बार रेड कर चुकी है। 21 फरवरी को भी एनआईए की टीम ने गांव मोहनपुर व नारनौल के सेक्टर एक स्थित गैंगस्टर सुरेंद्र तथा उसके साले भूपेश के घर पर छापा मारा था। इस दौरान टीम ने भूपेश को नोटिस दिया था जबकि टीम सुरेंद्र को अपने साथ लेकर चली गई थी। शनिवार को एनआईए की टीम फिर से नारनौल पहुंची। टीम के साथ एक बस में एनआईए के पुलिसकर्मी भी आए थे। उनके अलावा नारनौल पुलिस भी साथ रही। एनआईए की टीम सबसे पहले नारनौल के सेक्टर एक में भूपेश के मकान पर पहुंची। टीम ने भूपेश के मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का नोटिस लगाया। नोटिस लगाने के बाद टीम ने मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का एक बोर्ड भी लगा दिया। भूपेश के घर के बाहर लगाए गए नोटिस में लिखा है कि यह करवाई एनआईए के एसपी ध्रुमन एच निंबल द्वारा की गई है।

# महिला आयोग चेयरपर्सन ने महिला सरपंचों को किया जागरूक



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शनिवार को बल्लभगढ़ के सेक्टर 2 स्थित कम्युनिटी सेंटर में तमाम नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के साथ मीटिंग कर उन्हें महिला विरुद्ध अपराध और साइबर सेल अपराधों के बारे में जानकारी दी। इस बीच उनके साथ साइबर सेल इंचार्ज बसंत कुमार, बुजुर्ग महिला विरुद्ध अपराध सेल इंचार्ज सविता कुमारी सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि जिला की गांवों की तमाम नवनर्वाचित महिला सरपंचों के साथ मीटिंग की है। यहां उन्हें महिला विरुद्ध अपराध सहित साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सरपंच अपने गांव की तमाम महिलाओं को इसके प्रति जागरूक कर सकेंगी। इससे गांव में भी महिलाओं के प्रति अपराध के प्रति लोग जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम हो या महिला विरुद्ध अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम करती रही हैं और आगे भी जारी रहेंगे ताकि महिलाओं के साथ-साथ लोगों को भी अपराधों के विरुद्ध जानकारी मिले और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।। वही मीटिंग में पहुंची नव निर्वाचित महिला सरपंचों का भी मानना है कि इस प्रकार की जानकारी उन्हें ही नहीं बल्कि पूरे गांव की महिलाओं को भी होनी चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहे ताकि उन्हें महिला विरुद्ध अपराध और साइबर अपराध के बारे में जानकारी मिल सके। महिला सरपंचों ने कहा कि आज की मीटिंग से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है।

# ग्राम पंचायत ने संभाली नकल पर नकेल की जिम्मेदारी

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**इन दिनों प्र**देश भर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा संचालित की जा रही हैं। परीक्षाओं के नकल रहित संचालन के लिए एक तरफ जहां शिक्षा बोर्ड प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सामाजिक संगठनों के जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत ने भी नकल पर नकेल लगाने की जिम्मेदारी संभाली हुई है। ग्राम पंचायत के सदस्य भी पुलिस बल के साथ परीक्षा केंद्र के बाहर मोर्चा संभाले हुए हैं। गांव कायल के सरपंच प्रतिनिधि नरेश गौतम ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता डॉ. मुरलीधर शास्त्री द्वारा नकल रोको अभियान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया था, जिसके तहत नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर नकल के दुष्प्रभाव बताए गए थे। विद्यार्थियों एवं गांव के मौजिज व्यक्तियों को नकल रोकने में अपनी भूमिका अदा करने की शपथ भी दिलाई गई थी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के करीबन 8 सदस्य परीक्षा के दौरान पुलिस के साथ परीक्षा केंद्र के बाहर निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि नकल एक अभिशाप है, जो कि विद्यार्थी का वर्तमान के साथ भविष्य भी बर्बाद कर देता है।

# 'मानव जीवन सरल बनाने को संसाधनों का रखरखाव करें'

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
**चौधरी दे**वी लाल विश्वविद्यालय के सभागार में बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. जयप्रकाश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बायोटेक्नोलोजी ने मानव जीवन के प्रत्येक पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डाले है। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद तकनीक को बढ़ावा देने में इस विषय का अहम योगदान है। बायोटेक्नोलॉजी एंड ह्यूमन वेलफेयर विजन 2030 एंड बियोंड विषय पर आयोजित इस कांफ्रेंस के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए प्रो. यादव ने



कहा कि कोविड काल के दौरान भारतीय वैज्ञानिकों ने अनुसंधान के आधार पर अनेक प्रकार की दवाओं के साथ साथ प्राकृतिक उपचार की विधियां भी सुझाई और इन विधियों का उल्लेख हमारे ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के अन्दर भी अंकित है।

प्राकृतिक संसाधनों का रखरखाव करके तथा पर्यावरण संरक्षण कर-के मानव जीवन को काफी सरल एवं रोग मुक्त बनाया जा सकता है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
शहर जगाधरी की एक कॉलोनी में पड़ोस में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। जिससे नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। लड़की के पेट में दर्द होने पर जब उसका अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाया गया तो इसका खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शनिवार को आरोपित युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 'भारतीय जन औषधि परियोजना एक महत्वकांक्षी योजना'

## देश में 31 दिसम्बर तक जन औषधि केन्द्रों की संख्या बढ़ाकर की जाएगी 10 हजार: सांसद संजय भाटिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सांसद** संजय भाटिया ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत 1 मार्च से 7 मार्च तक मनाये जा रहे जन औषधि सप्ताह के तहत शनिवार को स्थानीय चार चमन स्थित किडजी स्कूल में आयोजित बाल मित्र कार्यक्रम में शिरकत की और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया तथा बच्चों को जन औषधि किट वितरित की और केक काटकर बच्चों को खिलाया। इस मौके पर नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शामिल हुई। इस मौके पर सांसद भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का विस्तार करते हुए अब तक देश में 9177 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं,



जन औषधि परियोजना के तहत अब तक पूरे देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 743 जिले इस योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष 31 दिसम्बर तक इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी को सस्ते मूल्यों पर गुणवत्तायुक्त जेनेरिक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जेनेरिक औषधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में सरकार द्वारा खरीदी गई जेनेरिक दवाइयां बेची जा रही हैं, जिन के मूल्य खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम होते हैं।

सांसद ने बताया कि वर्तमान में इन केंद्रों पर 1759 से अधिक दवाइयां एवं 280 अन्य सर्जिकल आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। जन औषधि परियोजना के अंतर्गत अभी तक सभी प्रमुख श्रेणियों की दवाईयां जैसे कि मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो आदि की दवाएं उपलब्ध हैं। पीएमबीजेपी केन्द्रों से बिकने वाली दवाइयों के प्रत्येक बैच को एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशालाओं से परीक्षण कराया जाता है।

सांसद ने कहा कि पी.एम.बी.आई. ने आयुष प्रोडक्ट्स जैसे की बाल रक्षा किट, आयु रक्षा किट एवं आयुष 64 टेबलेट और च्यवनप्राश स्पेशल जैसे प्रोडक्ट्स भी सस्ते दामों पर जन औषधि केंद्रों के जरिये उपलब्ध कराये हैं। पीएमबीआई अनेक प्रकार के फूड प्रोडक्ट्स जो कि एफएसएसआई केअंतर्गत आते हैं, उनको भी जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध करवाता है। इन दवाइयों को डब्लूएचओ-जीएमपी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदा जाता है। देश के हर हिस्से में दवाइयां पहुंचने के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था की गई है, जिसके लिए डब्लू.एच.ओ गाईड लाइन्स पर आधारित केंद्रीय गोदाम गुरुग्राम एवं तीन क्षेत्रीय गोदाम जोकि गुवाहाटी, सूरत एवं चेन्नई में उपस्थित हैं। इसके अलावा 36 डिस्ट्रीब्यूटर की भी नियुक्ति की गई है, जहाँ से देशभर के जन औषधि केंद्रों को दवाइयां मुहैया कराई जाती है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गोदाम, क्षेत्रीय गोदाम, डिस्ट्रीब्यूटर एवं जन औषधि केंद्रों को पूरी तरह से एस.ए.पी. आधारित सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है। साथ ही साथ सभी केन्द्रों पर पॉइंट ऑफ सेल सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन भी लगाया गया है, जिससे दवाइयों की आपूर्ति ठीक तरह से हो सके एवं देश के किसी भी केंद्र पर दवाइयों की कमी न हो। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के राज्य नोडल अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, किडजी के डायरेक्टर डॉ.अंकुर अरोड़ा, प्रिंसिपल सुरभि अरोड़ा सहित बच्चों के अभिभावक व अध्यापकगण मौजूद रहे।

# 'भगवान का हृदय में स्थापित हो जाना ही कथा विश्राम कहलाता है'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव** काछवा के श्रीकृष्णा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा शनिवार को संपूर्ण विश्राम हो गया। सांसद संजय भाटिया के सुपुत्र चांद भाटिया भी कथा में पहुंचे। इस अवसर पर श्री धाम वृंदावन से पधारे कथावाचक हित जीवन वल्लभ जी महाराज ने अंतिम दिन बाल योगी नंदिनी भार्गव ने सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा कौन हैं? इस बात पर विचार करना चाहिए और सुदामा के बारे में जानना ही कथा कहलाती है। सुदामा वह नहीं होता जो सिर्फ निर्धन ही हो, अपितु वह भी होता है जिसने जीवन में अच्छा दाम कमाया हो। शुकदेव पूजन के साथ कथा का विश्राम हुआ। जीवनवल्लभ महाराज ने कहा कि देखा जाए तो कथा विश्राम का अर्थ समापन नहीं होता, क्योंकि कथा केवल प्रारंभ होती है, विराम नहीं। विश्राम से अर्थ होता है, कथा सुनकर हमारे हृदय में चल रही उद्देगनाओं, क्रोध, मोह, ईर्ष्या से विश्राम से मिलकर परम शांत स्वरूप, भगवान का हृदय में स्थापित हो जाना ही कथा विश्राम कहलाता है। मुख्य यजमान चन्द नागपाल ने कथा में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए सभी ग्रामीणों का आभार जताया। कथा में हर दिन भीड़ उमड़ी।

## न्यूज फ्लैश

### होली त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम-प्यार का प्रतीक: संजय भाटिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा कला परिषद द्वारा आज से 6 मार्च तक तीन दिवसीय मनोहारी होली महोत्सव 2023 स्थानीय कालीदास रंगशाला में मनाया जा रहा है। इसी श्रृखंला में शनिवार को




आयोजित कार्यक्रम में रितिका एंड ग्रुप ने गिद्दा, तमन्ना एंड ग्रुप ने राजस्थानी लोकगीत व नृत्य तथा हरियाणवीं लोक कलाकार पाला राम ने सेठ ताराचंद सांग की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन रवि कुमार ने किया। मनोहारी होली महोत्सव के तहत प्रथम दिन आयोजित कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शामिल रही। सांसद ने कहा कि होली हमारा त्यौहार है, जिसे पूरे देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम-प्यार का प्रतीक है। इस त्यौहार के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से हमारी संस्कृति जीवंत रहती है और युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनोहारी होली महोत्सव 2023 का आयोजन करवाना हरियाणा सरकार का सराहनीय कदम है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के अलग-अलग कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। सांसद ने समस्त करनाल वासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि 5 मार्च को हरियाणवीं होली धमाल व फोक नाईट कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा 6 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होंगे। सांसद भाटिया ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेशभर में निरंतर किया जा रहा है। यह होली महोत्सव 2023 भी इसी का हिस्सा है। हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी भागीदारी देकर अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

### रोडवेज कर्मचारी 12 मार्च को करेंगे परिवहन मंत्री के आवास का घेराव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुराने** बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की गेट मीटिंग हुई, जिसमें कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि अगर समय रहते उनकी मांगे नहीं मानी गई तो आने वाली 12 मार्च को प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी फरीदाबाद में परिवहन मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। गेट मीटिंग में मौजूद कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बजट सत्र में एक हजार बसों को किलोमीटर स्कीम के तहत ठेके पर लेने का जो फैसला लिया है, वह उसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस फैसले को वापस ले और सरकारी बेड़े में नई बसें शामिल करे। बस स्टैंड पर विरोध कर रहे कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार ने 2018 में भी इस स्कीम को लागू किया था। उस समय भी रोडवेज कर्मचारियों और आम जनता ने इसका विरोध किया और 18 दिन की हडताल करनी पडी थी। सरकार ने पूरे मामले की जांच विजिलेंस से कराई तो जहां सरकार 35 से 38 रुपए प्रति किलोमीटर ठेके के हिसाब से बसें ले रही थी। जांच के बाद दोबारा से टेंडर लिए तो रेट 26 रुपए 99 पैसे तय हुआ, जो एक बडा घोटाला था। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, परिचालकों और लिपिकों को 35400 वेतनमान देने, चालकों को 54000 वेतनमान देने, 1992 से 2002 तक के चालकों सहित सभी कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, जोखिम भत्ता देने, देय अवकाशों में कटौती पत्र वापस लेने, चालकों और परिचालकों से आठ घंटे से अधिक ड्यूटी का ऑवर टाइम देने की मांग की।

### इको व मारूति कार की टक्कर में शामड़ी गांव के इको चालक की मौत, मामला दर्ज

**राई।** गुमड़ रोड पर शुक्रवार की शाम को अहीर माजरा मोड़ के पास ईको व वैगनआर कार के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में ईको क्षतिग्रस्त हो गई वहीं वैगनआर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए, सभी घायलों को उपचार के लिए गन्नौर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया। ज्यादा चोट लगने के कारण शामड़ी गांव से ईको चालक राहुल की मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने मामला दर्जकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में मनोज निवासी शामड़ी सिसान ने बताया कि उन्होंने ईको गाड़ी ले रखी है, जिसे छोटा भाई राहुल चलाता था। वह पूजा- पाठ का काम करने के लिए उसी में जाता- आजा है। शुक्रवार को राहुल के साथ किसी जरूरी काम से गन्नौर कोर्ट में वकील के पास आए थे। आरोप है कि जब वह वापस घर जाने लगे तो गुमड़ रोड पर अहीर माजरा के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक वैगनआर कार चालक ने सीधी टक्कर मारी। ईको कार को राहुल चला रहा था जबकि वह बीच वाली सीट पर बैठा था। पीड़ित के मुताबिक हादसा में राहुल बुरी तरह से जख्मी हो गया, वहीं वैगनआर कार में सवार लोग भी चोटिल हो गए थे। राहुल को खानपुर मेडिलक कॉलेज में लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

# नेवल के गोदाम में दूसरी बार हुई चोरी, गांव के युवकों पर आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव** नेवल में एक गोदाम से 15 दिन में दूसरी चोरी की वारदात होने का मामला सामने आया है। पीडित व्यक्ति ने गांव के ही रहने वाले कुछ युवकों पर चोरी के आरोप लगाए है। कुंजपुरा थाना पुलिस ने बीती देर शाम को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नेवल निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरेश कुमार के गोदाम टेंट हाउस पर नौकरी करता है। यहीं पर अपने परिवार के साथ रहता है। करीब 15 दिन पहले रात के समय गोदाम के कमरे का ताला तोडकर चोर 2 पीतल की घंटियां, एक हथौडा, सुम्भा और कुछ नट बोल्ट उठाकर ले गए थे। वह सामान अब तक नहीं मिला था कि अब दोबारा फिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीडित ने शिकायत में बताया कि अब चोरों ने दोबारा सोने-चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी किया है, जिसमें दो कानों की सोने की बालियां, 2 पाजेब, 1 सोने की नथनी, 4 पीतल की घंटियां व कुछ नट बोल्ट दोबारा चोरी कर लिए। पीडित ने पडोस में रहने वाले युवक व उसके दोस्तों पर चोरी के आरोप लगाए हैं।

# पिस्तौल दिखाकर की 45 लाख की लूट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**राष्ट्रीय राजमार्ग** नंबर-44 पर हवेली के नजदीक पिस्तौल दिखाकर 45 लाख रुपए लूट लिए गए। मामला कबूतरबाजी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। आरोपी यह देखने के लिए आए थे कि एजेंट के पास अमेरिका की डोंकी मरवाने के पैसे है भी या नहीं। लूट की वारदात के बाद पुलिस महकमें में हडकंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस व सीआइए की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि दो युवक विनीत और राहुल को डोंकी से अमेरिका पहुंचना था। ये दोनों



युवक इस वक्त थाइलैंड में मौजूद हैं, जिसके लिए डोंकी ने 45 लाख रुपए मांगे थे। शुक्रवार देर रात को थाइलैंड के एजेंट दीप सिद्धू के कहने पर पैसे दिखाने के लिए गांव बडौता निवासी नरेश, रोबिन व एजेंट धर्मबीर नेशनल हाईवे पर स्थित हवेली पर पहुंचे। नरेश पैसे दिखाने के लिए गाड़ी में बैठ गया था और जैसे ही उसने पैसे दिखाए तो एजेंड द्वारा जो आरोपी पैसे दिखाने के लिए भेजे थे, उन्होंने उसे गन पॉइंट पर ले लिया और वह नरेश को नीलोखेडी में उतारकर पैसे लेकर फरार हो गए। करनाल के मुगल कनाल में कबूतरबाजी का काम करने वाले एजेंट ने बताया कि दो युवकों राहुल और विनीत को अमेरिका भेजना था। उनके परिवारों से 45 लाख रुपए मंगवाए हुए थे। थाइलैंड से एजेंट दीप सिद्धू नामक व्यक्ति के चार लोग गाड़ी में आए थे। वे यह देखना चाहते थे कि 45 लाख रुपए है भी या नहीं। नरेश बडौता पैसे दिखाने के लिए गाडी में बैठ गया था और इसी दौरान नरेश को गन पॉइंट पर ले लिया और पैसे लेकर फरार हो गए। साथ ही उसका मोबाइल भी ले गए। एक परिवार के 19 लाख और दूसरे के 22 लाख रुपए थे, जबकि 4 लाख एजेंट के थे।

# सत्संग, सेवा और सुमिरन जीवन की मोतियों की खान: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**योग** गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा जन-जन को स्वस्थ करने के मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत गुलमोहर पार्क सेक्टर 13 में लगाए जा रहे योग शिविर में योगाभ्यास करवाया गया। जनकल्याण और सेवार्थ हेतु मिशन द्वारा लोगों को निशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं और जिसका लाभ असंख्य साधक ले चुके हैं और ले रहे हैं। योग कक्षा में पहुंचे साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाने के पश्चात उन्होंने प्राणायाम के दौरान



बताया कि योगी की वाणी में संयम और विचारधारा का शुद्ध होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि चित्त वृत्तियों के निरोध को ही योग कहा गया है और निरंतर योगाभ्यास व्यवहारिक जीवन को शुद्ध करने में सक्षम है। विचार शुद्ध होंगे तो रसना शुद्ध होगी, मन शुद्ध होगा और यदि विचार शुद्ध नहीं होंगे तो मन में क्रोध, बैर, कपट के भाव उत्पन्न होंगे।

## अच्छा स्वास्थ्य ही राष्ट्र निर्माण की कुंजी : डा. प्रभजोत कौर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

गांव दादूपुर में सरपंच पूजा आर्य व सूबे सिंह के सहयोग से मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। गुरु नानक हस्पताल ० डिवाइन इंडिया आई वीएफ सेंटर तथा उनकी टीम द्वारा जिसमें मुख्य डॉ हरदीप सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा डॉ प्रभजोत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डाक्टर हरशीन कौर ने गांव की महिलाओ का निशुल्क मेडिकल चेकअप किया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करवाई।

डॉ. प्रभजोत ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए स्वछता का पूरा ध्यान रखे हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोएं। घर में सफाई पर

# महिला कांग्रेस के सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में प्रदर्शन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

सीएम सिटी में बढ़ती महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेस द्वारा वाल्मीकि चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और सिर पर गैस सिलेंडर व मिट्टी का चूल्हा लेकर बाजार में यात्रा निकाली गई। महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर रोष जताया। इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज भी पहुंची और उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा। सुधा भारद्वाज ने कहा कि सरकार ने गैस सिलेंडर के 50 रुपए बढ़ाकर महिला दिवस व होली पर महिलाओं को एक तोहफा दिया है, जिसके कारण महिलाओं को आज सडक पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सरकार की उज्जवला योजना एक धोखा रही। वहीं देश में युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। जनता की आवाज उठाने के लिए महिला कांग्रेस द्वारा आज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष नवजोत कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हर वर्ग दुखी और परेशान है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। पेट्रोल-डीजल व गैस के दाम बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की जेब पर डाका डाला है। महंगाई के कारण महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। इसलिए महिलाओं की आवाज उठाने के लिए महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेस मांग करती है कि सरकार महंगाई पर लगाम लगाए और जनता को राहत दे। करनाल की पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने महंगाई के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि देश में दिन-प्रतिदिन महंगाई बढ़ती जा रही है।

# कलसौरा गांव में लगाया गया जागरूकता कैम्प

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मनोरोग** विशेषज्ञ डॉ.मनन गुप्ता ने बताया कि ड्रग एडिक्शन व मेंटल हेल्थ प्रोग्राम की टीम द्वारा कलसौरा गाँव में शनिवार को जागरूकता कैम्प लगाया गया और ग्राम पंचायत की बैठक ली गई । उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम कलसौरा गाँव मैं चार कैम्प लगा चुकी है, जिसमें अभी तक 102 मरीजो की पहचान की जा चुकी है, जो नशे की बीमारी से पीड़ित थे। इनमें से 50 मरीजों का इलाज शुरू हो चुका है और लगभाग 30 लोग पूरी तरह से नशा मुक्त हो चुके



हैं। जिन लोगों ने नशा के प्रति मदद नहीं ली है, उनके घर-घर जा कर काउंसलिंग की गई तथा नशा छोड? के लिए मोटिवेट किया गया। ग्राम पंचायत की बैठक में सरपंच प्रदीप ने डॉ.मनन गुप्ता (मनोरोग विशेषज्ञ) को बताया कि कलसौरा गाँव में नशा काफी कम हुआ है, वह चोरी के मामलों में भी गिरावट आयी हैं और ज्यादातर लोग नशे के इलाज के लिए प्रेरित भी हो रहे हैं और अपना जीवन सुधार रहे हैं। ऐसे तीन उदाहरण सामने आये जिन्होंने नशा छोडकर अपना जीवन को सम्भाला तथा अपने परिवार को जोड़ा। राहुल ने नशे छोड़ कर बीस हजार की नौकरी पे लगा, बिंदर की बारह हजार की नौकरी लगी, और मनीष जिसका रिश्ता तय हुआ और अगले महीने शादी है।

बैठक में लोगों को मोटीवेट करने की स्ट्रेटेजी डिस्कस की गई। इस मौके पर पंचायत सेक्रेटरी वह अन्य ग्राम पंच, संतोष क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, विकास पीएसव्लू, पूजा कम्युनिटी हेल्थ नर्स, प्रदीप सिक्योरिटी गार्ड मौजूद थे।

## वाल्मीकि धर्मशाला में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**

**स्वास्थ्य** विभाग के सौजन्य से नाहन हाउस स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पीएमओ डा0 संगीता गोयल व उपस्थित अन्य डाक्टरों ने विधायक असीम गोयल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गये स्टालों का विधायक असीम गोयल ने अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य मेले में उन्होंने शुगर से सम्बन्धित टेस्ट भी करवाया।

# आनंद ने हरियाणा में सुपर-30 बैच मिशन के लिए जाने माने गणितज्ञ दिनेश को सौंपी कमान

## हरियाणा में आईआईटी, निट के प्रतिभावान स्टूडेंटस का सपना साकार करेंगे दिनेश चोपड़ा : जोगेंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**बिहार** में आर्थिक रूप से कमजोर, होनहार स्टूडेंटस को निःशुल्क पढ़ाकर अपने पांव पर खड़े होने की शिक्षा देने वाले सुपर-30 के नाम से विख्यात पद्मश्री आनंद कुमार ने हरियाणा में सुपर-30 बैच मिशन की कमान खुद के ही स्वरूप माने जाने वाले जाने माने गणितज्ञ दिनेश चोपड़ा व जोगेंद्र राणा को सौंपी है। करनाल के जोश एकेडमी, राणा एकेडमी व डीसी क्लासिस में रविवार 5 मार्च से सुपर-30 बैच मिशन के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट शुरू होंगे। मार्च माह में 5, 12, 26 को राणा एकेडमी, डीसी



क्लासेस व जोश एकेडमी में होने वाले स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए देश के जाने माने गणितज्ञ पद्मश्री आनंद कुमार ने हरियाणा के जाने माने गणितज्ञ व डॉयरेक्टर दिनेश चोपड़ा, शिक्षक जोगेंद्र राणा, विशाल सुखीजा, कर्ण मुट्रेजा, रवि शंकर, रवि सोनी व तुषार चावला की टीम का चयन किया है। खास बात यह है कि इन सभी डॉयरेक्टर की पूर्व के बरसों में शानदार परफोरमेंस के आधार पर ही इनका चयन किया गया है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी डॉयरेक्टर यहां मैथ, फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बॉयो के स्थायी टीचर्स भी है, इसलिए इनकी पूरी एकाग्रता स्टूडेंटस पर है। इन सभी डॉयरेक्टर्स ने मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर, होनहार स्टूडेंटस को सुपर-30 बैच मिशन में लाने के लिए कमर कस ली है। सुपर-30 बैच में चयनित होने के बाद पद्मश्री आनंद कुमार ही सेक्टर 7 स्थित जोश एकेडमी में प्रतिभावान स्टूडेंटस को सम्मानित करेंगे और इन्हें पूरी शिद्दत से तैयारी कराई जाएगी, ताकि इनका चयन हो सके। आईआईटी व निट में अपने कॅरियर की उडान खोज रहे स्टूडेंटस का स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए 8271111110 नंबर पर फ्री रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। 2006 से डीसी क्लासेस व 2009 से राणा एकेडमी के संयुक्त प्रयास से सीबीएसई, आईआईटी, निट, एनडीए, आईएएस, आईपीएस में सैकड़ों स्टूडेंटस को प्रतिभा के ऐसे पंख लगे कि वे अब मंजिलें उन्हें तलाश कर रही हैं। पद्मश्री आनंद कुमार ने सुपर-30 बैच को निशुल्क शिक्षा देकर सैकडों स्टूडेंटस को लाभान्वित किया, जिसके कारण उन पर रितिक रोशन अभिनीत फिल्म सुपर-30 बनीं।

# योगीराज में नहीं सहा जाएगा रामचरित मानस का अपमान

## संपादकीय

## पूर्वोत्तर ने दिखाया कांग्रेस को आईना

**पूर्वोत्तर** भारत के तीन राज्यों के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। वहीं यह चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्साह बढ़ाने का काम करने वाले हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस को लग रहा था कि उसकी राजनीतिक स्थिति सुधर जाएगी, लेकिन पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस की आशा को ध्वस्त करने का ही काम किया है। कांग्रेस के नेताओं को जिस प्रकार से अप्रत्याशित परिणामों की उम्मीद दिखाई दे रही थी, परिणामों ने कांग्रेस के उड़ान भरते हुए पंखों को काटने का काम किया है। इस कारण एक बार फिर से कांग्रेस की राजनीतिक आकांक्षा को पलीता लगा है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस के नेता भारत जोड़ो यात्रा को राजनीतिक उत्थान के लिए रामबाण दवा मानकर चल रहे थे, लेकिन यह दवा भी कारगर सिद्ध नहीं हो पाई। कांग्रेस की गिरती हुई साख को बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा खेला गया यह यात्रा का दांव उलटा पड़ता हुआ नजर आ रहा है। अगर भगवान भरोसे पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को संजीवनी मिल जाती तो इसे राहुल गांधी के लिए प्रचारित करने की होड़ शुरू हो जाती। यानी जीते तो राहुल के कारण और हारे तो उसके लिए राहुल जिम्मेदार नहीं। यही खेल कांग्रेस में वर्षों से चल रहा है। राजनीति के चुनावी खेल में जय और पराजय का खेल एक शाश्वत नियति है, लेकिन कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल की इन राज्यों में दस प्रतिशत सीट भी नहीं आना गंभीर चिंता का कारण है। वह भी तब, जब उसके नेता राहुल गांधी ने जी-तोड़ मेहनत की, लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात वाला ही कांग्रेस के खाते आया। पूर्वोत्तर के इन तीन राज्यों ने कांग्रेस को आईना दिखाने का काम किया है, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस के नेता अपनी तस्वीर को इस स्वच्छ आईने में अपने आपको देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अगर देखने का साहस करते तो लोकसभा चुनाव के बाद ही देख लेते। ऐसा लगता है कि कांग्रेस अभी तक धुंधले दर्पण में अपने आपकी छवि देखकर सपना पाले बैठी है कि कभी तो बिल्ली के भाग्य से छींका टूटेगा, लेकिन आज का मतदाता पहले जैसा नहीं रहा, उसने छींका की रस्सी को इतना सामर्थ्य प्रदान कर दिया है कि वह टूटने की आशा भी नहीं बनने दे रहा। इससे यही लग रहा है कि देश के मतदाताओं का विश्वास भाजपा के प्रति अब भी बना हुआ है, कांग्रेस लगातार सिमटती जा रही है। चुनाव परिणामों ने एक प्रकार से कांग्रेस की भावी योजनाओं पर तुषारापात किया है। उसे इन तीन में से किसी भी राज्य में विपक्ष में रहने लायक भी सीट नहीं मिली हैं। नगालैंड में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर से शाम तक शून्य को ही निहारते रह गए। वहीं त्रिपुरा के चुनाव परिणामों पर टकटकी लगाए रहने के बाद भी केवल तीन सीट ही मिल पाईं और मेघालय में केवल पांच सीट ही मिल पाईं हैं। कांग्रेस के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डाली जाए तो मेघालय में कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन देखने को मिला है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां तीन दर्जन से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार पांच सीटों पर ही सिमट गई। तीनों राज्यों में विधानसभा की साठ-साठ सीटें हैं। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि राजनीतिक रथ कांग्रेस को किस राह पर ले जा रहा है।

मृत्युंजय दीक्षित

"रामचरित मानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाने की घटना पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि ऐसा कृत्य किसी और मत या मजहब के ग्रन्थ के साथ हुआ होता तो तब क्या स्थिति होती?उन्होंने कहा कि रामचरितमानस को जलाना देश- दुनिया के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट की सफलता से आशंकित सपा ने रामचरित मानस और उसके रचयिता संत तुलसीदास का अपमान करके एक साजिश रची"

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में तीखे तेवर दिखाए और राजनैतिक दलों का संरक्षण प्राप्त माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का उद्घोष किया। इसके साथ ही माफियाओं और उनके सहयोगियों के विरुद्ध जिस प्रकार का अभियान प्रारम्भ हुआ उससे यह बात बिल्कुल सत्य सिद्ध हो रही है कि यूपी के लिए योगी ही उपयोगी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निदेशों के अनुरूप जिस प्रकार माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही हो रही है उससे हाईकोर्ट व निचली अदालतों का साहस भी बढ़ रहा है और अब वह निर्भय होकर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त माफियाओं के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सदन के दोनों सदनों मे दिये गये भाषणों में यह साफ कर दिया है कि माफिया को बचाने के लिए बड़े -बड़े नेता जो कवच देते हैं उसके बावजूद ऐसे अपराधी अब बच नहीं सकेंगे। मुख्यमंत्री के इन तीखे तेवरों के बाद गुजरात की साबरमती जेल में बंद माफिया अतीक अहमद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और अपनी जान की भीख मांग रहा है। समाजवादी सरकार में पले बढ़े माफिया जो यह सोचते थे उनके ऊपर कोई हाथ डाल ही नहीं सकता वो आज जमानत पाने के लिए तड़प रहे हैं । समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा समर्थित सभी माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, आजम खां, गायत्री प्रजापति व कानपुर के इरफान सोलंकी सहित अनेकों की कमर अब टूट रही है । योगी जी के विधानसभा वाले उद्घोष के बाद ऐसे अपराधी तत्वों व उनको संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही और अधिक तीव्र हो गई है। समाजवादी पार्टी सहित वह सभी राजनीतिक दल जिन्हें इन माफियाओं के सहारे राजनीतिक लाभ प्राप्त होता था और तुष्टिकरण की राजनीति पल्लवित होती थी वह बंद होता प्रतीत रहा है। यह सभी दल माफियाओं की गुंडागर्दी और अराजकता के बल पर ही चुनाव जीतते आ रहे थे। जन सामान्य पर योगी जी के, ह्लमाफिया को मिट्टी में मिला देंगेह्व उद्घोष का व्यापक प्रभाव पड़ा है और उसकी अपेक्षाएं भी उसी अनुपात में बढ़ गयी हैं । घरों की बैठकों से चाय की दुकानों तक और कार्यालयों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक इसकी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि



अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति के तहत सरकार जो कार्रवाई कर रही है उसके परिणाम भी शीघ्र ही सामने आयेंगे। राह से भटके और माफिया की गोद में खेलते हुए समाजवाद पर तीखा हमला बोलते हए योगी जी ने जातीय जनगणना की मांग कर रही समावजादी पार्टी की मांग की धार को कुंद करते हुए कहा कि समाजवादी बहुरूपिया ब्रांड है। प्रगतिशील समाजवाद, लोकतांत्रिक समाजवाद, प्रजातांत्रिक समाजवाद और इसके अलावा पारिवारिक समाजवाद। अमीरों को गरीब, गरीबों को गुलाम, बुद्धिजीवियों को को बेवकूफ और नेताओं को खुद को शक्तिशाली बनाने का सबसे बड़ा पाखंड ही समाजवाद है। योगी जी ने जाति की बात करने वाले अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्षों तक जाति व धर्म के आधार के पर माफिया को संरक्षण मिलता था।मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण समाजवादी सरकार तो आतंकियों की रिहाई के लिए भी पैरवी कर रही थी। पहले जातियों का समर्थन लेने के लिए राजनीतिक दलों ने माफिया का सहारा लिया फिर जातियों के आधार पर ताकतवर बनने वाले बाहुबली अपराधी खुद राजनीति में उतरे जिसमें माफिया मुख्तार अंसारी ने अपना एक क्षेत्रीय दल भी बना लिया था।आज यही अपराधी थर- थर कांप रहे हैं। एक दौर वह भी था जब ऐसे तत्वों के लिए चौराहों पर शेरो शायरी के आयोजन कर- के उनका महिमा मंडन किया जाता था। कुछ वर्षों पूर्व माफिया डॉन अतीक अहमद की तूती बोलती थी।एक शाम प्रयागराज में शायरों की उनके नाम की महफिल सजी थी तो एक शायर ने उसकी शान में कसीदे पढ़े थे।आज अतीक अहमद के गुर्गों के घर बुलडोजर से ध्वस्त किये जा रहे हैं। माफिया पर कार्यवाही हो रही है तो सेकुलर दल झूठा प्रचार कर रहे हैं कि प्रदेश में गरीब अल्पसंख्यकों के घर तोड़े जा रहे हैं ।

**रामचरितमानस की प्रतियाँ जलाना 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान - योगी**

रामचरित मानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाने की घटना पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि ऐसा कृत्य किसी और मत या मजहब के ग्रन्थ के साथ हुआ होता तो तब क्या स्थिति होती?उन्होंने कहा कि रामचरितमानस को जलाना देश- दुनिया के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट की सफलता से आशंकित सपा ने रामचरित मानस और उसके रचयिता संत तुलसीदास का अपमान करके एक साजिश रची। योगी ने सदन में बोलो, ह्लरामचंद्र की जयह्व का जयकारा देने वाले तुलसीदास को मध्य काल में रामचरित मानस और रामलीलाओं के माध्यम से पूरे समाज को एकजुट करने का श्रेय देते हुए कहा कि भगवान राम को अपना राजा मानने वाले संत ने मुगल बादशाह अकबर के बुलावे को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि- **हम चाकर रघुवीर के, पटौ लिखौ दरबार। अब तुलसी का होहिंगे, नर के मनसबदार।।**

योगी ने कहा कि रामचरित मानस अवधी में रची गई।अवधी भाषा में एक वाक्य है, ह्लभैया इतने देर से केका ताड़त रहा? ह्लफिर बताया कि यहां ताड़त का अर्थ देखने से है। तुलसीदास जी बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले के राजापुर गांव में जन्मे थे। बुंदेली में एक वाक्य है - भइया मेरे लड़िकन को ताड़े रख्यो। यहाँ ताड़े का क्या अर्थ है, देखे रहना । योगी ने वह चौपाई सुनाई, जिसको लेकर पाखंड फैलाया जा रहा है,

**प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्ही, मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्ही।। ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, सकल ताड़ना के अधिकारी।।**

इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि यह प्रसंग तब आता है जब भगवान राम लंका जाने के लिए समुद्र से तीन दिन तक रास्ता देने की विनय करते हैं। समुद्र के रास्ता न देने पर लक्ष्मण जी प्रभु श्री राम को धनुष बाण देते हैं और भगवान राम धनुष पर तीर का संधान करके समुद्र को चेतावनी देते हैं। तब समुद्र प्रकट होकर इन पंक्तियों को कहता है। योगी ने कहा कि ढोल वाद्य यंत्र है और इस संदर्भ में गंवार से आशय अशिक्षित से है। शूद्र का आश्रय श्रमिक वर्ग से है किसी जाति विशेष से नहीं। योगी ने मानस की सप्रसंग व्याख्या जारी करते हुए कहा कि नारी का अर्थ नारी शक्ति से है।मध्यकाल में जब यह धर्म ग्रंथ रचा गया तो महिलाओं की उस समय की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं। बाल विवाह जैसी विकृतियां भी उस समय ही पनपी थीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा कार्यालय संत तुलसीदास के खिलाफ अभियान चला रहा है जगह -जगह मानस जैसे ग्रंथ का अपमान कर रहा है। ये नहीं हो सकता कि जिसकी मर्जी आए वह हिंदुओं का अपमान कर ले, अपने अनुरूप धर्मग्रंथ की विवेचना कर ले।उन्होंने कहा कि आपको गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि उप्र राम और श्रीकृष्ण, गंगा -यमुना और संगम की धरती है। इसी धरती पर रामचरित मानस और वाल्मीकि रामायण जैसे पवित्र ग्रंथ रचे गये जिसे जलाकर आप 100करोड़ हिंदुओ को अपमानित कर रहे हैं। योगी जी ने विपक्ष को स्पष्ट संकेत व संदेश दिया है कि समस्या के समाधान के लिए भाग लो या फिर भाग लो।

## कविता

फकीरों को भला किसका डर होगा,
है खुदा, तो भला किसका डर होगा।

खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढ़ती,
गमों का भला हम पर क्या असर होगा।

उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद
फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।

दो पल की माया है दौलत, शोहरत,
फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।

खुशी और गम,सिक्के के दो पहलू,
सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।

जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,
जो ईमान का हम सफर होगा।

आज जी ले,जोश जूनून के संग,
अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।

कर ले उपवास ईश्वर के नाम,
ऊपर वाला ही तेरा रहबर होगा।

संजीव ठाकुर

## मगर चलिए समय की रेत पर....

प्रियंका सौरभ

**समय** से पहले और भाग्य से ज्यादा न कभी किसी को मिला है और ना ही मिलेगा। परंतु हम सिर्फ भाग्य के भरोसे नहीं रह सकते, व्यक्ति को अपने जीवन में पुरुषार्थ करना ही पड़ता है। बिना पुरुषार्थ के व्यक्ति यदि यह चाहे की सब कुछ मिल जाए जो मेरे भाग्य में है, वह कदापि संभव नहीं होता है। क्योंकि गतिमान जीवन यात्रा में इंसान की इच्छाएं अनंत होती है। बिना पुरुषार्थ के भोजन भी नहीं मिल सकता है और बिना पुरुषार्थ के किसान खेती भी नहीं कर सकता है। हां जी। मै तो यही मानती हू। मेहनत करो जितनी तुमसे हो सके और उसके बाद भी मंजिल ना मिले तो क्या कहेंगे इसे आप? भाग्य में लिखा होगा तो दौड़कर भी तुम्हारे पास तुम्हारी मंजिल आएगी और अगर भाग्य में नही है तो तुम कितने ही प्रयास कर लो तुम्हें तुम्हारी मंजिल मिलेगी ही नहीं। पर इसका मतलब ये नहीं है कि तुम हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाओ कि भाग्य में होगा तो मिल ही जाएगा अपने आप तो ऐसा नहीं है। कहते है भगवान और भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो पूरी श्रद्धा और लगन से मेहनत में जुट जाते है क्यों माना जाता है कि समय से पहले और भाग्य से ज्यादा कभी किसी को कुछ हासिल नहीं हो पाता है? यह मानव जीवन विविधताओं से भरा हुआ है जहाँ व्यक्ति अपनी इच्छानुसार लक्ष्य का चुनाव करता है।उस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है,संघर्ष करता है। चूँकि समाज व्यक्ति का आकलन उसकी सफलता से करता है, कभी-कभी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर व्यक्ति का निराश होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थितियों में सकारात्मक वाक्य प्रेरक का कार्य करते है। जैसे-'समय से पहले और भाग्य से ज्यादा नहीं मिलता'। यह वाक्य बड़ा ढाढ़स देता है। विचलित होने से रोकता है,आशा का संचार करता है। अपने बहुत लोगों को देखा होगा कि कठिन परिश्रम के बाद भी वो सफल नही हो पाते और एक टाइम आता है जब वो निराश हो जाते हैं, उस वक़्त उन्हें हिम्मत ना हारकर ये सोचना चाहिए कि वक़्त से पहले कुछ नही मिलेगा,अभी तो बारी है सिर्फ धीरज से अपना काम करने की क्योंकि कही ऐसा ना हो कि आपका अच्छा समय भी आये,किस्मत भी अच्छी हो पर तब तक अपने मेहनत करना ही छोड़ दिया हो, उम्मीद ही छोड़ दी हो । इसीलिए कहा भी है कर्म करते रहो फल की चिंता मत करो। और कभी भी निराश नही होना चाहिये क्योंकि खराब घडी भी दिन में २ बार सही समय दिखाती है। हर कार्य अपने समय पर ही होता है। हम कितना जोर लगा लें कितनी हिम्मत कर ले इस सर्वभौमिक सत्य को कदापि नहीं बदल सकते हैं। यह संपूर्ण सृष्टि भी एक दिन में नहीं बन गई थी। उसका भी विकास क्रमश हुआ था। हम अपने इस भौतिक जीवन में देखते हैं हैं कि किसान जमीन खोदकर तैयार करता है और उसमें बीज डालता है।

## विचार

## श्रद्धा और निष्ठा की विजय यानी होलिका दहन

वीरेंद्र बहादुर सिंह

**फाल्गुन** महीने की पूर्णिमा को हुताशणी का यानी होलिका का व्रत करने का विधान है। यह बात सांप्रतकाल से यानी युगोयूगों पहले की है, परंतु सत्य के आगे असत्य कभी टिका नहीं या टिक भी नहीं सकता। यह एक परम, शाश्वत और सनातन सत्य है। निष्ट का जतन और अनिष्ट का दहन यानी होलिका दहन। मानवजीवन की कमजोरी, वाणीविलास की लालसा और अहं कहीं न कहीं आड़े आए बगैर रहता नहीं, पर धर्म, नीति, सत्संग और संस्कार इसे दबा देते हैं। होलिका पर्व का भी कुछ ऐसा ही है। आस्था, श्रद्धा और निष्ठा का अहं से टकराव है। होली के साथ एक पौराणिक कथा जुड़ी है। 0 होली के उत्सव की मुख्य पौराणिक कथा

हिरण्यकशिपु नाम का राक्षस अपने जीवन में संसार में खुद ही महान है यह साबित करने वाला असुर, जहां देखो वहां अपना ही महत्व इस तरह की ओछी विचारधारा रखने वाला असुर, भोगी और स्वार्थी था। बिना स्वार्थ के एक कदम भी आगे न बढ़े, इस तरह की उसकी मनोवृति थी। खुद को ही वह ईश्वर समझता था। इस असुर के घर में एक सुंदर और पवित्र बालक का जन्म हुआ। उसका नाम प्रह्लाद था। यह पुत्र भगवान का ही अंश था। बालक प्रह्लाद नारायण को बहुत मानता था। पिता असुर हिरण्यकशिपु ने अपने साम्राज्य को एकछत्र रखने के लिए प्रह्लाद को नारायण से दूर रखने की कोशिश की। अनेक प्रयत्न करने के बाद भी वह इस बालक को नारायण से दूर नहीं कर सका। अंत में यह असुर बालक को मृत्युदंड देने को तैयार हुआ और बालक प्रह्लाद को जीवित जला देने का विचार किया।

बहन होलिका को ब्रह्माजी का वरदान था कि अग्नि उसे स्पर्श नहीं कर सकती। होलिका सद्वृत्ति की थी। वह प्रह्लाद को बहुत प्यार करती थी। उसे अग्नि नहीं जला सकती, इस वरदान के आधार पर वह प्रह्लाद को बचा लेना चाहती थी। प्रह्लाद को गोद में लेकर वह चिता पर जा बैठी। गोद में बैठा प्रह्लाद अष्टाक्षर मंत्र का जाप करता रहा। अग्नि प्रकट हुई। सद्वृत्ति का यह बालक हमेशा प्रभु का नामस्मरण करता था, इससे प्रभु ने उसे बचा लिया। होलिका के साथ प्रह्लाद था, इसलिए उसका वरदान निष्फल गया और वह जल कर भस्म हो गई। कहने का तात्पर्य यह है कि जो हमेशा प्रभु को अपने साथ रखता है, अपने दिल में रखता है, प्रभु कभी उसका अहित नहीं होने देते।

**होली के पवित्र दिन होलिका और अग्निदेव का पवित्र पूजन**

इस पवित्र त्योहार की संध्या को हर घर के बाहर या हर चौक पर इस त्योहार की याद में उपलों और लकड़ियों को एकत्र कर अग्नि प्रज्वलित की जाती है। अग्निदेव और होलिका दोनों का पवित्र पूजन किया जाता है। एक तो अग्निदेव का पूजन इसलिए कि सत्यनिष्ठ, प्रभुनिष्ठ, सद्वृत्ति के प्रह्लाद को बचा लेने के लिए नगरजनों ने खास अग्निदेव से प्रार्थना की थी। दूसरे होलिका पूजन इसलिए करते हैं कि होलिका एक सद्वृत्ति स्त्री थी। उसने अपने वरदान से प्रह्लाद को बचा लिया था और उसके लिए खुद जान दे दी थी। इसलिए होलिका की आत्मा की शांति के लिए प्रज्वलित अग्नि की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु जल छिड़कते हैं। इसके अलावा अग्निदेव और होलिका को अबीर गुलाल, कुमकुम, चावल और फूलों द्वारा भी पवित्र पूजा की जाती है।

**विशेष में खजूर, धनिया और दलिया का प्रसाद भी चढ़ाया जाता है।**

**होलिका उत्सव के साथ-साथ इस दिन विविध उत्सव**

बसंत के वैभव में कामांध कामदेव ने शिवजी पर अपना जादू चलाने का प्रयास किया था और शिवजी का ध्यान भंग किया था। तब सदाशिव ने गुस्सा हो कर कामदेव की कामांध प्रवृत्ति यानी कामवासना को खत्म कर इसी दिन कामदेव का दहन किया था।

* वृजभूमि में यह उत्सव फाग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। खास कर श्री वैष्णव का होली उत्सव इस तरह मनाया जाता है। वैष्णव होलिका दहन के बजाय पूतना दहन करते हैं। वृज में बच्चे फाल्गुन सुद 14 को पूतना की प्रतिमा बना कर उसे जलाते हैं और पूर्मिमा को रंगों से होली खेलते हैं। भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण को अपराध बोध सता रहा था कि राधा बहुत गोरी है और वह खुद श्याम वर्ण के थे। दोनों के रंगों में खासा अंतर था।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग

## गधों का होली मिलन समारोह

रेखा शाह आरबी

**जंगल** में गधों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था । सबको पूर्व सूचना दे दी गई थी कि--' रंग अबीर अपने साथ अपने घर से ही लाना है ' गधे थे इसलिए जो हो जाए तो कम ही है.. खैर रंग अबीर लाने पर ही होली मिलन समारोह में एंट्री मिलने की संभावना थी " वरना कृपया ना आए "ऐसा भी ऑप्शन रखा गया था । गधों का समारोह था इसलिए इतनी इज्जत और तहजीब मान मयार्दा रखी गई थी इंसानों का होता तो इतनी भी उम्मीद रखना बेकार था । सभी देशों के गधे काफी उत्साहित थे। होली मिलन समारोह का हिस्सा बनने के लिए सब अपने-अपने क्षमता अनुसार वेशभूषा आभूषण धारण करके रंग रंगीले बांके छैल छबीले सजीले गधे बनकर आने वाले थे ऐसी पूरी संभावना थी। होली मिलन समारोह के दिन सबसे पहले समारोह स्थल पर अमेरिकी गधे ऊंचा सुर लगाते हुए आए । अपने आप को सबसे ज्यादा सुपरमैन समझने की आत्ममुग्धता उन पर पूरी तरह हावी थी । उनके आने के कुछ ही देर बाद रसिया वाले गधे भी खूब शोर मचाते हुए आए अमेरिकी गधों को देखते हुए... लगे मुंह बिचकाने ..ऐसा लगा मानो कहीं यहां पर भी किसी नए शीत युद्ध का आगाज ना हो जाए। इसीलिए दोनों को कुछ दूरी पर कुर्सियां दे दी गई। चाइनीज गधे अपनी छोटी छोटी आंखें मिचमिचाते हुए और पूरे समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए आए। उनका तो वही हाल है" राम राम जपना.. पराया माल अपना" वैसे तत्कालिक बात व्यवहार को देखते हुए रसिया के बगल में उसे कुर्सी दे दी गई! चाइनीस गधे रसिया के बगल से ही बैठकर अमेरिकी रसिया के शीत मनमुटाव का अवलोकन करने लगे और अपने लिए गुंजाइश भी खोजने लगे । तभी यूक्रेनी गधे भी गिरते पड़ते आए सीधे जाकर अमेरिका की गोद में आकर बैठ गए यूक्रेनी गधे सच में पूरी तरह गधे ही थे.. जो अच्छे भले देश को कबाड़ बनवा लिया ..अरे जब गोद में ही बैठना है तो क्या रसिया क्या अमेरिका .. कम से कम घर तो बचा रहता।

तभी समारोह स्थल के मेन गेट पर हो हल्ला आवाज सुनाई देने लगी सभी लपक कर उधर गए तो देखा पाकिस्तानी गधे थे उन्होंने रंग अबीर के साथ-साथ हाथ में कटोरा भी पकड़ हुआ था । जिसके चलते उन्हें सुरक्षाकर्मी अंदर प्रवेश नहीं करने दे रहे थे। सुरक्षाकर्मियों के मना करने पर पाकिस्तानी गधों ने दो टूक कह दिया.... देख लो भाई मैं तो कटोरा लेकर ही अंदर जाऊंगा क्या पता कुछ इमदाद मिल जाए सभी गधे एक जगह इकट्ठे हैं सबके देश जाने का किराया खर्च पानी नहीं है मेरे पास... इसलिए मैं ऐसा स्वर्णिम अवसर चूक नहीं सकता।

## चोंचलों की दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार

**आजकल** फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है। एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी।

# मुख्य सड़कों का बिटुमिंस से बनने का निर्माण कार्य हुआ शुरू



## 8 सांसद रमेश कौशिक, नगर निगम मेयर मदान, निगम पार्षद सुरेंद्र ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शनिवार को** शहर के सेक्टर 14 की मुख्य सड़कों के बिटुमिंस (तारकोल) से बनने का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा शुरू किया गया। इस अवसर पर सांसद रमेश कौशिक, नगर निगम मेयर निखिल मदान , निगम पार्षद सुरेंद्र मदान ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सेक्टर 14 की सभी 60 फुट चौड़ी मुख्य सड़कों को बिटुमिंस से बनाने का कार्य काफी समय से प्रस्तावित था जिसे उन्होंने पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ हाउस की बैठक में पारित करवाया था। लेकिन बीच में एन जी टी के निर्माण कार्यों पर लगी रोक के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका था। रोक के आगे बढ़ने के चलते सर्दियों के मौसम में बिटुमिंस (तारकोल) की सड़क बनाने में तकनीकी कारणों के चलते निर्माण कार्य बाधित रहा।लेकिन अब कार्य शुरू करवा दिया गया है और जल्द ही सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
इस कार्य में नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 22 लाख ? की लागत से सेक्टर 14 की सभी 60 फुट वाली सडके जैसे महाराजा अग्रसेन चौक से महाराणा प्रताप चौक (ओसराम चौक), विवेकानंद चौक से दहिया हॉस्पिटल के सामने से होते हुए सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड़ तक, गाँधी चौक से सेक्टर 14 मेन मार्केट होते हुए पुलिस चौकी (सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड़ ) तक, सेक्टर 14 मार्केट से चिंतपूर्णी मंदिर के आगे से जानकीदास स्कूल जाने वाली सभी सड़कों का निर्माण बिटूमिन्स (तारकोल) से किया जायेगा।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि गाँधी चौक से सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड तक स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन डालने के बाद अब आम राहगीरों लोगों को जल भराव से निजात मिलेगी और दुकानदारों को भी राहत मिलेगी। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि सेक्टर 14 की सड़कों की हालत काफी समय से खस्ता हाल थी। आज काम शुरू होने के बाद शहरवासियों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। पार्षद सुरेन्द्र मदान ने कहा कि वार्ड के विकास को लेकर वो लगातार प्रयत्नशील है और जल्द ही सेक्टर 14 की सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करवा दिया जायेगा। इस मौके पर अनिल नागर, जोगिंदर अरोड़ा, गुलशन चावला, जतिन, नीरज, यशपाल, संदीप, कपिल, ओम प्रकाश, चंद्र लूथरा, सतेंदर राठी, डॉ प्रवीण अनेजा, महेश अनेजा, विकास परुथी, एम एल आहूजा, राकेश कालरा,जुगल ज्योति,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# बोहली गांव में 125 लडकियों को वितरित की गई साईकिलें





**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**इंडियन** सिंथेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल) ने बोहली गांव की 125 स्कूली छात्राओं को (योजना सक्षम) के तहत अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल वितरित किए गए । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम.एल. डहरिया ने शिरकत की । डहरिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रिफाइनरी की स्थापना में बोहली गांव का अहम योगदान है । रिफाइनरी मुख्य रूप से बोहली गांव की जमीनी में स्थापित की गई है । उन्होंने इंडियन सिंथेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लड़कियों को बांटी गई साईकिलों के बारे में प्रशंसा करते हुए कहा कि रबड़ प्लांट द्वारा ये बड़ा ही सराहनीय कार्य किया गया है । जिससे गांव से बाहर पढ़ने जाने वाली लड़कियों को परेशानियां का सामना नही करना पड़ेगी । उन्होंने बोहली गांव के ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भविष्य में गांव के समग्र विकास पर रिफाइनरी द्वारा पूरा ध्यान दिया जाएगा । इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत पानीपत की पावन धरा से की गई । उन्होंने कहा कि गांव से बाहर पढ़ने जाने वाली लड़कियों को आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसलिए 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक की 125 लड़कियों को साइकिल वितरित किए गए । उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव धनाना में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला शहर द्वारा गत दिवस राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव धनाना में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 80 से 90 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। केंद्र के प्रभारी डॉ. सुनीता अहूजा ने विद्यालय के मुख्य अध्यापक एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की महत्वता एवं उनके विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को जीवन में सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए व स्वास्थ्य संबंधित भी जागरूक किया। केंद्र के पौधों के वैज्ञानिक डॉक्टर नरेंद्र यादव ने भी इस दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक एवं स्वावलंबी बनाते हुए अपने देश को अव्वल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के मुख्य अध्यापिका ने सभी का धन्यवाद किया।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

**अम्बाला(मनीष कुमार)**
**थाना** शहजादपुर में शिकायतकर्ता सुभाष चन्द निवासी गाँव कक्कड़ माजरा ने 03 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 03 मार्च 2023 को शर्मा ढाबा गाँव कक्कड़ माजरा के पास आरोपी चन्द्र मोहन व फुरकान ट्रक चालक ने लापरवाही व तेज गति से ट्रक चलाते हुए खड़ी बस में टक्कर मारी जिससे बस में सवार कुछ सवारियाँ घायल और कुछ की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**थाना** सैक्टर-9 अम्बाला शहर में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 03 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 01 जनवरी 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।
एक अन्य मामले में महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 03 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 04 दिसम्बर 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।
एक अन्य मामले में महिला पुलिस थाना अम्बाला में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 03 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 04 दिसम्बर 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मारपीट मामले में डेहा कालोनी के किरण को किया शामिल जांच

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
थाना अम्बाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में 03 मार्च 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी किरण निवासी डेहा कालोनी अम्बाला छावनी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जाँच किया। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री रिन्कु निवासी डेहा कालोनी अम्बाला छावनी ने 06 नवम्बर 2022 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 नवम्बर 2022 को आरोपी किरण, पेडी व आरोपी महिला ने उसके छोटे भाई दीपक को मारपीट कर चोट पहुँचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार वर्मा ने किया महेंद्रगढ़ कोर्ट का निरीक्षण

**महेंद्रगढ़/दिनेश यादव**
**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व जिला न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति अशोक कुमार वर्मा ने आज महेंद्रगढ़ कोर्ट में निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश बंसल भी मौजूद थे।

# जिला व्यापार मंडल का किया गया विस्तार



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** व्यापार मंडल की बैठक देर साँय शुक्रवार को नई अनाज मंडी में व्यापार मंडल के अतिरिक्त कार्यालय नई अनाज मण्डी में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन गोयल की सहमति से संपन्न हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला चेयरमैन संजय वर्मा व जिला अध्यक्ष संजय सिंगला ने की । जिसमें व्यापार मंडल का पुनर्गठन व विस्तार किया गया और सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया । जिसमें मुख्य संरक्षक पवन गोयल, संरक्षक यशपाल अरोड़ा व राम नारायण गोयल, चेयरमैन संजय वर्मा, प्रधान संजय सिंगला, संयोजक नवीन मंगला, सह संयोजक गन्नौर संदीप सिंघल, खरखौदा सुरेंद्र गुप्ता, गोहाना विकास जैन, सोनीपत प्रवीण गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील स्याल,उपाध्यक्ष ललित खत्री,राकेश चोपड़ा, सुरेंद्र मदान, महासचिव नरेंद्र धवन, सचिव कमल हसीजा, सचिव प्रदीप बंसल, सह सचिव राजवीर सैनी, कोषाध्यक्ष रविंद्र सरोहा, सह कोषाध्यक्ष इंद्र गुप्ता, इनकम टैक्स व जीएसटी सलाहकार एडवोकेट अरविन्द मित्तल, सोनीपत शहरी प्रधान दिव्या लाल, जिला प्रवक्ता व शहरी कार्यकारी प्रधान पवन तनेजा, जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप खन्ना व जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग, पवन बंसल, मुकेश गुप्ता, प्रवीण बत्रा, बिट्टू जैन, मुकुल वर्मा, आचार्य राजीव गर्ग, मुकेश मित्तल, अनुज जैन, सरदार जसविंदर सिंह, नवीन गर्ग की नियुक्ति की गई ''
बैठक में प्रमुख व्यापारीगण महावीर प्रसाद जैन, मनोज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, जय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंन करने पर पुलिस ने किए 45 वाहनों के चालान

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 04 मार्च 2023 को 45 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 300 दिनों में 13017 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पानीपत के गांव बोहली की 125 छात्राओं को वितरीत की गई साईकिलें



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन सिंथेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड ने शनिवार को गांव बोहली में आयोजित कार्यक्रम में 125 स्कूली छात्राओं को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत साईकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिफाइनरी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया ने शिरकत की। रिफाइनरी प्रमुख डहरिया ने कहा कि रिफाइनरी की स्थापना में गांव बोहली का अहम योगदान है और रिफाइनरी मुख्य रूप से गांव बोहली की जमीन में ही स्थापित की गई है। उन्होंने आईएसआरपीएल द्वारा स्कूली छात्राओं को वितरीत की गई साईकिलों को लेकर कहा कि इससे गांव से बाहर पढने जाने वाली छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जबकि रबड़ प्लांट के सीजीएम मुकेश शर्मा ने कहा कि गांव से बाहर पढने जाने वाली 9वीं से लेकर 2वीं कक्षा तक की 125 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई है। कार्यक्रम में पहुंचने पर रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया और रबड़ प्लांट के सीजीएम मुकेश शर्मा का बुके देकर स्वागत किया गया।

# सरकार महंगाई को और बढ़ावा देती जा रही: नीलम रानी

**पानीपतः प्रदेश** में महंगाई रोजाना बढ़ती जा रही है सरकार महंगाई पर लगाम लगाने की बजाय महंगाई को और बढ़ावा देती जा रही है। प्रदेश सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम मैं बढ़ोतरी कर दी जिसको लेकर आज कांग्रेश की महिला जिलाध्यक्ष सिमरन गाबा व ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलम रानी ने महिलाओं के साथ मिलकर घरेलू गैस के 250 बढ़ाए जाने पर चूल्हा जलाकर रोष प्रकट किया और खट्टर मोदी महिला विरोधी के नारे लगाते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि सरकार महंगाई बढ़ती जा रही है।

# रक्तदान चेतना साइकिल यात्रा निकाली गई



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**समाज** मे रक्तदान की चेतना लेकर आने के उद्देश्य से माँ भारती रक्तवाहिनी ने 2 मार्च को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से रक्तदान चेतना साइकिल यात्रा निकाली जो पानीपत , करनाल ,कुरूक्षेत्र , व अम्बाला रेडक्रॉस कार्यालयों से होती हुई 3 मार्च को दोपहर चंडीगढ़ हरियाणा रेडक्रॉस मुख्यालय पर पहुँची । इस से पहले सभी जिलों में रेडक्रॉस अधिकारियों के साथ साथ उस जिले की रक्तदान से सबंधित संस्थाओं ने व रक्तसेवको ने साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत किया । साइकिल यात्रा रात 12 बजे अम्बाला रेडक्रॉस कार्यालय पहुची जहाँ वृद्ध आश्रम में रात्रि विश्राम किया । रात्रि भोजन एवं सुबह का नाश्ता बुजुर्गों के साथ करके टीम के सदस्य बहुत खुश हुए व बुजुर्गों का आशिर्वाद लेकर चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए । यात्रा का शुभारंभ जिला रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण व पूर्व जिला रेडक्रॉस सचिव सुभाष वशिष्ट ने सभी साइकिल यात्रियों का मुह मीठा करवा कर किया । इस अवसर पर सँस्था संरक्षक डॉ.पूर्णमल गौड , मुकेश , डी टी ओ सजंय शर्मा ,आनंद कुमार , सतपाल अहलावत ,जयबीर गहलावत भी मौजूद थे । साइकिल यात्रा रेडक्रॉस मुख्यालय चंडीगढ़ पहुचते ही हरियाणा रेडक्रॉस सचिव मुकेश अग्रवाल ने यात्रा का फूलमालाओं से स्वागत किया और सभी साइकिल यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर रक्तदान चेतना साइकिल यात्रा का समापन करवाया । मुकेश अग्रवाल ने माँ भारती रक्तवाहिनी की प्रशंसा करते हुए बताया कि सँस्था लगातार रक्तदान जागरूकता अभियान व रक्तदान शिविरों के माध्यम से समाज की मदद करने में लगी हुई है और हरियाणा रेडक्रॉस हर प्रकार से सँस्था के साथ है । उन्होंने बताया कि इस यात्रा ने सोनीपत से चंडीगढ़ तक 225 किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया जो बहुत बड़ी बात है सभी यात्री सकुशल है खुश है । इस यात्रा में माँ भारती रक्तवाहिनी अध्यक्ष विपीन कुमार गौड़ , प्रेम गौतम , विनय वशिष्ट , देवेंद्र गौतम , प्रदीप अत्रि , रोहन गुप्ता , वरुण , व सजंय सरोहा शामिल रहे।

# रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, फ्रैशर पार्टी में थिरकी छात्राएं



**अम्बाला(मनीष कुमार)**
**आर्य** गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में कॉमर्स, अर्थशास्त्र व कम्प्यूटर विभाग के संयुक्त एसोसिएशन, सी.ई.सी.ओ. ने होली त्योहार के उपलक्ष्य में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य के कर-कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि वे अपने परिश्रम व लग्न से जीवन में नई ऊंचाइयों को छुए तथा आर्य कॉलेज के नाम की खुशबू सर्वत्र बिखेंरे। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में छात्राओं के नृत्य व गायन ने सबका मन मोह लिया। छात्राओं ने पुष्पों की होली मनाकर रंगोत्सव के कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर बी.कॉम व एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए फ्रैशर पार्टी का आयोजन भी किया गया। छात्राओं को उनकी परफोरमेंस के आधार पर विभिन्न टाइटल दिए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. पूजा सोनी, प्रो. शीनम व प्रो. सोनाली गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर बी.कॉम से मिस प्रेसेनेलिटी विधि, मिस चार्मिंग रोजी, मिस इवनिंग, तानिया राणा, मिस फ्रेशर अमनप्रीत, तथा एम.कॉम से मिस प्रेसेनेलिटी पूनम, मिस इवनिंग भावना, मिस चार्मिंग सिमरन, मिस फ्रेशर शिल्पा सैनी को चुना गया।

# 'हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी कर रही है सुनिश्चित'

## गांव सिवाह में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांव सिवाह में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मेयर अवनीत कौर ने शिरकत की और कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाना महिलाओं की पहचान दिलाने वाला एक सराहनीय कार्य है। सरकार हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। महिलाएं घर से लेकर सरकार तक चलाती है। मेयर ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग की इस महिला दिवस को मनाने की शुरूआत को बधाई दी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने बताया कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंच संचालन ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर रोशन लाल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि हेल्थ विभाग की ओर से जिला आशा कोऑर्डिनेटर पूनम भान ने महिलाओं को उनके दैनिक जीवन के अधिकारों बारे में अवगत करवाया। विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा ने महिला दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बधाई दी। इस मौके पर गांव सिवाह की सरपंच एवं समाज सेविका सुनीता कादियान और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कमलेश विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। विभाग से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आत्माराम,जसवीर सिंह, होशियार सिंह व जेई संदीप ढिल्लो ने भी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जल संरक्षण पर सराहनीय कार्य करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, सक्षम युवा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नारनौल में कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के रिश्तेदारों के यहां एनआईए की रेड

**नारनौल/संतोष यादव**
**एनआईए** की टीम ने फिर से कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू तथा उसके रिश्तेदार के यहां नारनौल के सेक्टर 1 में रेड की। इस दौरान एनआईए की टीम ने सुरेंद्र चीकू के साले भूपेश के नारनौल के सेक्टर 1 की प्रॉपर्टी और साले विकास की प्रॉपर्टी को एनआईए ने अटैच कर दिया। नारनौल में एनआईए की टीम तीन बार रेड कर चुकी है। गत 21 फरवरी को भी एनआईए की टीम ने गांव मोहनपुर व नारनौल के सेक्टर 1 कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू तथा उसके साले भूपेश के घर पर रेड की थी। इस दौरान टीम ने सुरेंद्र उर्फ चीकू के साले भूपेश को नोटिस दिया था, जबकि टीम सुरेंद्र को अपने साथ लेकर चली गई थी। 21 फरवरी को की गई रेड के बाद आज एनआईए की टीम नारनौल पहुंची। आज टीम के साथ एक बस में एनआईए के पुलिसकर्मी भी आए थे। उनके अलावा नारनौल पुलिस भी साथ रही। एनआईए की टीम सबसे पहले नारनौल के सेक्टर 1 में भूपेश के मकान पर पहुंची। जहां पर टीम ने भूपेश के मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का नोटिस लगाया। नोटिस लगाने के बाद टीम ने मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का एक बोर्ड भी लगा दिया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

# दिल्ली में फ्री बिजली देने पर केजरीवाल का यू-टर्न

## र्मी में फ्री बिजली को लेकर लगेगा झटकाः केजरीवाल सरकार 3 किलोवाट से ज्यादा खपत पर सब्सिडी खत्म कर सकती है

**राहत के दिन गए...**

**= दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर बिजली सब्सिडी देने के बारे में विचार किया जाए**

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** वालों को 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा कर सत्ता में आई दिल्ली सरकार इस गर्मी में फ्री बिजली को लेकर झटका देने वाली है। दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार, 3 किलो वाट से ज्यादा बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की सब्सिडी खत्म हो सकती है। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर बिजली सब्सिडी देने के बारे में विचार किया जाए। इस व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार करने के लिए उन उपभोक्ताओं को सब्सिडी से बाहर रखा जाएगा जिनकी बिजली की खपत 3 किलो वाट से ज्यादा है।





### दिल्ली सरकार का ऊर्जा विभाग तैयार कर रहा है प्रस्ताव

**दिल्ली** सरकार का ऊर्जा विभाग इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जल्द ही इस प्रस्ताव को दिल्ली सरकार की कैबिनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग को तीन किलोवाट से अधिक लोड वाले कनेक्शन को इस दायरे से बाहर रखने को कहा है।

**दिल्ली में सभी को मुफ्त बिजली नहीं**: दिल्ली में 1 अक्टूबर से बिजली सब्सिडी केवल उन्हीं लोगों को मिलेगी, जो इसकी मांग करेंगे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि हम लोगों को ऑप्शन देंगे कि बिजली सब्सिडी की आपको जरूरत है या नहीं। जो लोग नहीं चाहेंगे, उन्हें बिजली की सब्सिडी नहीं मिलेगी। यानी सभी को फ्री बिजली नहीं मिलेगी।

**401 यूनिट हुई तो सब्सिडी से बाहरः** वर्तमान में दिल्ली में 0-200 यूनिट तक बिजली की खपत पर शून्य बिल आता है। वहीं, बिजली कनेक्शन के लोड का सब्सिडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अगर बिजली की खपत 400 यूनिट के अंदर है तो उपभोक्ता को बिल पर 50 फीसदी अधिकतम 800 रुपए सब्सिडी मिलती है। 401 यूनिट होते ही उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे से बाहर हो जाता है।

**दिल्ली में करीब 58 लाख बिजली उपभोक्ता, 40 लाख ने कराया सब्सिडी के लिए रजिस्ट्रेशनः** दरअसल दिल्ली में अब सभी उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी मांगने पर ही मिलती है। एक अक्टूबर 2022 से दिल्ली सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है। अब तक 40.28 लाख से ज्यादा उपभोक्ता बिजली सब्सिडी के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन की प्रक्रिया कब शुरू होगी इसकी तारीख तय नहीं है। ऊर्जा विभाग इस पर जल्द फैसला लेगा। दिल्ली में करीब 58 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें 47 लाख से अधिक घरेलू हैं। सर्दियों में तो 85 फीसदी से ज्यादा को उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ मिलता है।

# सांसद के बेटे राघव की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा एस रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह आदेश दिया। आज कोर्ट ने मगुंटा की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को भी नोटिस जारी किया है। मगुंटा की जमानत याचिका पर अब 13 मार्च को सुनवाई होगी। कोर्ट ने 21 फरवरी को मगुंटा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि आज पूरी हो रही थी। कोर्ट ने अब इसे अगले 14 दिन के लिए बढ़ा दिया है। ईडी ने राघव मगुंटा को 11 फरवरी को गिरफ्तार किया था, तब से वह न्यायिक हिरासत में है। इससे पहले इस मामले में ईडी ने राजेश जोशी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था। राजेश जोशी पर गोवा चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन का आरोप है। ईडी का कहना था कि मामले की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए हैं।

# 'वो मुझे ठग कहते हैं... लेकिन केजरीवाल सबसे बड़े घोटालेबाज'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**ठगी** मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर चिट्ठी लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री पर स्टेशनरी घोटाले का आरोप लगाया है। अपने वकील के जरिए मीडिया को भेजे पत्र में सुकेश ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। सुकेश ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर गरीब बच्चों की पढ़ाई में घोटाला करने का आरोप लगाया है। सुकेश ने दावा किया है कि पहले बच्चों को टैबलेट बांटे जाने को लेकर जो मसौदा तैयार हुआ था, उसका टेंडर 20 फीसदी ज्यादा में देने के लालच पर दूसरी कंपनी को दिया गया। उसने कहा कि टैबलेट उसके जरिये एक चाइनीज कंपनी से खरीदे जा रहे थे, लेकिन दूसरी कंपनी ने 20 फीसदी ज्यादा कमीशन देने का लालच दिया तो केजरीवाल सरकार ने टेंडर मुझे न देकर किसी दूसरे को देने का फैसला कर लिया था। सुकेश ने लिखा है कि केजरीवाल उसे ठग कहते हैं, लेकिन वह सबसे बड़े घोटालेबाज हैं। उसने अलग-अलग अनुबंध के जरिये केजरीवाल पर एक हजार करोड़ रुपये का कमीशन लेने का आरोप लगाया है। उसने लिखा है कि अरविंद केजरीवाल और सत्येंद्र जैन ने उसे पार्टी के लिए फंड जुटाने के लिए कहा था। उसने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल और जेल में बंद सत्येंद्र जैन ने छह साल पहले उसके जन्मदिन पर शोले के मशहूर गीत ये दोस्ती नहीं तोड़ेंगे समर्पित किया था।

# कूड़े में लगी आग से 200 झुग्गियां जलीं, भगदड़ में आठ लोग घायल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
अमन विहार के पूठकलां इलाके में देर रात कूड़े के ढेर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग वहां स्थित झुग्गियों में फैल गई और करीब 200 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान झुग्गियों में रखे सिलिंडरों में धमाके होने लगे। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी कोशिश में गिरने से आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं, लेकिन तंग गली होने की वजह से वे घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाईं। इसके बाद अधिकारियों ने रोबोट गाड़ियों को



मौके पर बुलाकर करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। पूठ कलां गांव के करीब एक एकड़ जमीन पर लोग कबाड़ का सामान चुनने के बाद उसे रखते हैं।

इसमें पन्नी, गत्ता और कागज वगैरह रखे हुए थे। यहीं पर कूड़ा बीनने वालों की करीब दो सौ झुग्गियां बनी हुई है। रात करीब 12.13 बजे अचानक कूड़े के ढेर में आग लग गई। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी फैली और आग पास स्थित झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। झुग्गियों में आग लगते ही लोग जान बचाकर भागने लगे।

**जान बचाई**

**= इस दौरान झुग्गियों में रखे सिलिंडरों में धमाके होने लगे। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई**

इस दौरान झुग्गी में रखे गैस सिलिंडरों में धमाके होने लगे। इससे आग ने भयावह रूप ले लिया। लोगों ने आग लगने की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही अमन विहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल हुए आठ लोगों सुरजमल, कपूर, सागर, पप्पू, बबलू, कंवर सिंह, राज सिंह और चांद को तुरंत पास के अस्पताल में ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

**संकरी गली व रास्ता नहीं होने की वजह से रोबोट मशीन से बुझाई गई आगः** सूचना मिलने के बाद दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई, लेकिन संकरा रास्ता होने की वजह से गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंच पा रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दमकल कर्मियों ने गाड़ियों को दूर में रोककर पाइप के जरिए आग को फैलने से रोकने की कोशिश की।

उसके बाद रोबोट गाड़ियों को मौके पर बुलाकर करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद तड़के सवा चार बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया।

फायर के डिवीजन अधिकारी एके जायसवाल ने बताया कि आने जाने का एक ही रास्ता और संकरी होने की वजह से गाड़ियों को घटनास्थल तक ले जाने में काफी दिक्कत आई।

# बेड में मिली किन्नर का शव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नबी करीम में किन्नर लीची** (50) की हत्या कर शव को बेड के बॉक्स में डालने का मामला सामने आया है। कमरे से बदबू आने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बरामद किया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार, लीची का घर तीन दिन से बंद था। परिचितों ने नबी करीम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को लीची के घर के आसपास रहने वालों ने कमरे से बदबू आने की शिकायत की। पुलिस को जांच में बेड के बॉक्स से शव मिला। शव को कंबल से लपेटकर रखा गया था। शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं।

# एम्स की इमरजेंसी में महज 6 फीसदी को ही बेड

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**एम्स** की इमरजेंसी में रोजाना इलाज करवाने आ रहे मरीजों में से महज छह फीसदी को ही बेड मिल पाता है, जबकि आसपास के अस्पताल में काफी बेड खाली रहते हैं। रोजाना औसत 866 मरीज आते हैं, लेकिन 50 (5.7 प्रतिशत) को ही बेड मिलता है। दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में उचित रेफरल नीति न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है, जबकि कई मरीज बेड के अभाव में अस्पतालों में भटकते रहते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए शुक्रवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, मुख्य सचिव, एनडीएमसी के चेयरमैन, स्वास्थ्य के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य निदेशालय के महानिदेशक सहित अन्य अस्पतालों के चिकित्सा निदेशक के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि एम्स और दिल्ली के अस्पतालों के बीच रोगियों के रेफरल के लिए औपचारिक प्रणाली विकसित की जाए। इससे अस्पतालों में खाली बेड का इस्तेमाल मरीजों के उपचार के लिए किया जा सकेगा। इस नीति की मदद से एम्स स्थिर रोगियों को इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में भेज सकेगा। इससे अन्य मरीजों को भी बेड के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने होंगे।



**दो अस्पतालों में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्टः** पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर द्वारका स्थित दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल और एनडीएमसी के चरक पालिका अस्पताल में अगले महीने रेफरल नीति की सुविधा तैयार होगी। एम्स के साथ इन अस्पतालों को जोड़ा जाएगा। एम्स इन अस्पतालों में विशेषज्ञता और महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा देगा। वहीं, बेड की कमी होने पर एम्स इन अस्पतालों में मरीज को भेज सकेंगे। धीरे-धीरे एम्स को अन्य सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों से पार्टनर इंस्टीट्यूशंस के रूप में जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य दिल्ली में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल विकसित करना है।

**अलोकतांत्रिक**

**= रोजाना औसत 866 मरीज आते हैं, लेकिन 50 (5.7 प्रतिशत) को ही बेड मिलता है**

**अस्पताल तैयार करें केंद्रीयकृत डैशबोर्ड : एलजी** ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग एक सप्ताह के भीतर अपने सभी बड़े अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तरों की कमी का विश्लेषण करे। साथ ही, एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड विकसित करें, जहां पर दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता वास्तविक समय के आधार पर उपलब्ध हो सकें।

# गूंजेगी किलकारियांः दिल्ली में पैदा हुए एक माह तक के बच्चों की होगी जांच

**पहल**

**= दिल्ली के सभी 31 सरकारी अस्पतालों में एक माह तक के सभी नवजात की जांच शुरू हो चुकी है।**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** में पैदा होने वाले बच्चे अब मूक-बधिर नहीं रहेंगे। सामान्य बच्चों की तरह बोलना और सुनना संभव होगा। इससे वह किलकारियां भी भरेंगे और हाव-भाव से संवेदनाएं भी जाहिर होती रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस तरह के दिव्यांग बच्चों की पहचान करने का फैसला लिया है। दिल्ली के सभी 31 सरकारी अस्पतालों में एक माह तक के सभी नवजात की जांच शुरू हो चुकी है। सरकारी अस्पताल में पैदा हुए इन नवजात की जांच में देखा जाएगा कि बच्चों के कानों तक आने वाली तरंग उनके मस्तिष्क तक जाती है या नहीं। यदि बच्चों में यह तरंग का कोई प्रभाव नहीं होता तो उक्त नवजात में ऑपरेशन से इंप्लांट बच्चे के कान में प्रत्यारोपित किए जाएंगे



जिसकी मदद से बच्चा 100 प्रतिशत तक सुन सकेगा। साथ ही, बोलने की क्षमता भी विकसित हो जाएगी। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में कान, नाक और गला विभाग के प्रोफेसर निदेशक डॉ. रवि मेहर के मुताबिक, एक हजार नवजात में से तीन से पांच बच्चों में सुनने की क्षमता नहीं होती। इन बच्चों को ठीक किया जा सकता है। लोकनायक अस्पताल में बीते एक साल में ऐसे नौ नवजात में इंप्लांट किया गया है जो अब सुनने लगे हैं।

अब पूरी दिल्ली में अभियान चलाकर ऐसे बच्चों का उपचार किया जाएगा। डॉक्टरों कि कोशिश है कि दिल्ली में आने वाले दिनों में कोई नवजात मूक-बधिर न रहें।

**1000 में से पांच बच्चे पीड़ितः** जन्म के दौरान एक हजार में से तीन से पांच बच्चों में सुनने व बोलने की क्षमता नहीं होती। डॉक्टरों की माने तो हर साल दिल्ली में एक से दो लाख तक बच्चों का जन्म होता है। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे होते हैं जो सुन या बोल नहीं पाते। अब ऐसे बच्चों की पहचान जन्म के एक माह में ही कर ली जाएगी। साथ ही, समय पर उनका उपचार कर लिया जाएगा, जिससे बच्चों में यह दिव्यांगता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

# मौसम में बदलाव से बढ़े वायरल इंफेक्शन, अधिकतरों को बुखार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मौसम** में बदलाव के साथ वायरल इंफेक्शन से पीड़ित मरीजों की स्थिति गंभीर है। इन्हें आईसीयू की जरूरत पड़ रही है। काफी मरीज ऐसे हैं, जिन्हें ऑक्सीजन बेड पर भर्ती करना पड़ रहा है। जबकि कई मरीजों को दौरे तक आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इंफ्लुएंजा का रूप बदल रहा है। यह पहले से ज्यादा घातक है और कोविड की तरह तेजी से फैल रहा है। इससे बचाव के लिए सख्ती से कोविड नियमों का पालन करना चाहिए। साथ ही भोजन में पौष्टिक आहार को बढ़ाना चाहिए। ताकि इम्युनिटी मजबूत रहे। उत्तर भारत में तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 15 दिसंबर से अभी तक आए मरीजों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। इसमें 92 फीसदी मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में सांस की परेशानी के लिए इन्फ्लूएंजा-ए का एच3एन2 वायरस जिम्मेदार है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाऐं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे




DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की बीईओ ने एसोसिएशन से की अपील

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन (हुसा) का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हुसा गन्नौर के सभी स्कूल शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों से गन्नौर ब्लॉक में शिक्षा के स्तर को उठाने पर विचार किया गया। एकमत हुए निजी व सरकारी स्कूल मिलजुल कर कार्य करेंगे। हुसा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अतिथि का बुक्के,माला व शाल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एसोएिशन के प्रधान सुशील त्यागी, अजय यादव,अजय भुक्कर, राजकुमार शर्मा, सुनील त्यागी, संदीप कादयान, दीपक भारद्वाज, रविंदर धनखड़, समय सिंह आदि मौजूद थे।

### अज्ञात कारणों से ईट भट्ठा मजदूर की मौत

**मथुरा। थाना** क्षेत्र के अंतर्गत ईट भट्ठा पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति की अज्ञात कारणों से मौत हो गई,जो कि अपनी झुग्गी में पड़ा हुआ था। पता चलने पर आनन फानन में लोग मजदूर को सीएचसी नौहझील लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने शराब पीकर मौत होने की आशंका बताई है, वहीं पुलिस हार्ट अटैक से मौत होना बता रही हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महाशिवरात्रि पर पेश किया महामृत्युंजय मंत्र, जिसे सोनू निगम जी ने आवाज दी

**गुरुग्राम।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन – जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया। इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक 'मोक्ष' मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीर्घायु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, "बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।" लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, ॾहम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के विकास को गति देगी क्योंकि हम इस क्षेत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। दर्शक साल भर में हमसे कुछ शानदार लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं।

### लीलाधर पासू की वेयरहाउसिंग कंपनी–एलपी लॉजिसाइंस, दिल्ली एनसीआर में ग्रेड ए वेयरहाउस शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** 100 वर्षों की विरासत वाले लीलाधर पासू ब्रांड की वेयरहाउसिंग व कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी– एलपी लॉजिसाइंस, ने हाल ही में नोएडा और गाज़ियाबाद के मध्य स्थित दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपने नए, ग्रेड ए कम्प्लायंट, मल्टी–यूजर वेयरहाउस के लॉन्च की घोषणा की है। यह वेयरहाउस तकरीबन 7500 पैलेट पोजिशन (1.3 लाख वर्ग फुट) में फैला हुआ है, जो मौजूदा वर्ष के लिए कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास योजना का एक रूप है। एलपी लॉजिसाइंस की स्थापना दिग्गज लीलाधर पासू ग्रुप के वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्टेशन बिजनेस की कंपनी के रूप में एक दशक पहले की गई थी। आज यह न सिर्फ 3 मिलियन वर्ग फुट से अधिक स्टोरेज स्पेस को बखूबी संभालता है, बल्कि पूरे भारत में 7000 से अधिक डिस्ट्रीब्यूशन पिन कोड्स की पहुँच को भी बनाए रखता है। एलपी लॉजिसाइंस अपनी स्थापना के बाद से ही प्रभावशाली विकास दर्ज करने में सक्षम रहा है, जो कि सालाना 20% – 25% की दर से बढ़ रहा है। अब, यह अपने अगले चरण पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी योजना पर्यावरण प्रमाणन के लिए योग्यता हेतु अभिनव तकनीक अपनाने और हरित संचालन के साथ अत्याधुनिक वेयरहाउसेस स्थापित करने की है, जो ब्रांड को विश्व स्तर पर पहुँच बढ़ाने में मदद करेगी। वरुण गडा, डायरेक्टर, एलपी लॉजिसाइंस, ने इस नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, "इस वर्ष, हम विभिन्न नए लॉन्च और भौगोलिक विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दिल्ली एनसीआर वेयरहाउस इनमें से पहला है।"

# वृंदावन में रूला रहा भाड़ा, झगड़ रहे लोग

## परदेसी भी ठगा सा महसूस करते हैं लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह जी का जंजाल बन गया

**मथुरा/लोकेश चौधरी**

**वृंदावन में** ऑटो, टैंपो व ई रिक्शा का किराया लोगों को रूला रहा है। वाहन चालकों से लोग झगड़ रहे हैं। परदेसी भी ठगा सा महसूस करते हैं लेकिन स्थानीय लोग्शों के लिए यह जी का जंजाल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्धारित किराए से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। भीडभाड वाले अवसरों पर निर्धारित से कई गुना अधिक किराया वसूला जाता है। बाहर से आने वाले यात्री तो किसी तरह सहन कर लेते हैं लेकिन स्थानीय नागरिक आए दिन के शोषण से आजिज आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस



वालों की मिली भगत से यह सब खेल चल रहा है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले चालकों के खिलाफ दो महिलाओं ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित महिलाओं का कहना है, कि धार्मिक नगरी वृंदावन में देश विदेश से पर्यटक आता है, लेकिन जब उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। प्रताड़ित महिला राधामाधव दासी ने बताया कि वह राधाकुंड दर्शनों के लिए गई हुई थी। वहां ई रिक्शा चालको द्वारा परिक्रमा तक पहुंचाने के लिए 700 रुपये मांगे गए। जबकि निर्धारित किराया 100 रुपये से भी कम बनता है, लेकिन मजबूरन उन्हें 700 रुपये ही देने पड़े। ऐसा ही कुछ वृंदावन लौटने पर हुआ। पीड़िता ने बताया की अटल्ला चुंगी से बस स्टैंड का किराया मात्र 10 से 20 रुपया बनता है, लेकिन वहां उससे सिर्फ अधिक पैसा ही नहीं वसूला गया बल्कि उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। पीड़िता ने जिला प्रशासन से मांग की कि ई रिक्शा चालकों का किराया निर्धारित किया जाए से अधिक है।

महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। वही स्थानीय महिला राधा दासी ने बताया कि ई रिक्शा चालकों के मनमाने रवैए से श्रद्धालु ही नहीं बल्कि स्थानीय लोग भी खासे परेशान है। अगर उन्हें बाजार से घर आना हो तो ई रिक्शा चालक स्थानीय नागरिकों को बैठाना ही पसंद नही करते हैं। अगर अकस्मात कोई रिक्शा चालक चलने के लिए भी तैयार हो जाता है, तो वह बाजार से घर पहुंचने वाले किलो दो किलो मीटर के सफर के लिए 100 रुपये से कम लेने को तैयार ही नहीं होता। जिससे स्वयं वह प्रताड़ित है। अगर उसे गोपीनाथ बाजार से अपने आवास गौरा नगर कॉलोनी तक आना होता है, तो स्वयं उसे सौ रुपये देने होते है, या फिर सफर तक आने वाली अन्य सवारियो का इंतजार करना पड़ता है।

# देवी मंदिर के पिछले छोटे गेट को भव्य द्वार बनाने की मांग

## अशोक नगर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने अग्रवाल वैश्य पचांयत के प्रधान को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत नगर** निगम के वार्ड चार की अशोक नगर रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन और अशोक नगर मार्किट वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को देवी मंदिर की देखरेख करने वाली अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान काकु बंसल को प्राचीन देवी मंदिर के पिछले छोटे गेट को भव्य द्वार बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि अशोक नगर, रमेश नगर,तेज कालोनी, पटेल नगर, ग्रीन पार्क, जवाहर नगर, न्यू रमेश नगर, भगत नगर, कृष्ण नगर व दुष्यंत नगर आदि के रोजाना हजारों लोग मंदिर के पिछले यानि उत्तरी गेट का प्रयोग करते है। इन कालोनियों के लोगों की मांग है कि जिस तरह से अग्रवाल वैश्य पंचायत ने मंदिर के अगले मुख्य द्वार को भव्य बनवाया है, उसी तरह से पिछले गेट को भी भव्य बनाया जाये। वहीं मंदिर प्रधान काकु बंसल ने अगले 3-4 माह में देवी मंदिर के छोटे उत्तरी द्वार को भव्य बनाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सरपरस्त कामरेड पुष्पेंद्र शर्मा, प्रधान वीरेंद्र घनघस, मार्किट प्रधान हीरा कपूर, प्रेस प्रवक्ता अंशु नारंग, देवेंद्र सिंह व वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री श्याम बाबा के दर्शन करने मात्र से ही पूरी होती मनोकामनाएं: देवेंद्र कादियान



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

श्री श्याम परिवार द्वारा सातवीं पैदल निशान यात्रा चुलकाना धाम में पहुंची। निशान यात्रा में मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। निशान यात्रा मॉडल संस्कृति स्कूल गन्नौर से आरंभ हुई, जिसमें श्री श्याम बाबा के दीवानों की टोली में महिला, पुरुष व बच्चे हाथों में निशान लेकर फूलों से बाबा की मस्ती में झूमते और होली खेलते हुए बाबा के धाम चुलकाना में पहुंचे। श्याम प्रेमियों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की मन्नतें मांगी। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बाबा के दीवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों को इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। धार्मिक कार्यों से जहां माहौल होता है वहीं मन को भी शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा के बुलावे के बिना कोई भी उनके दरबार मे नहीं आ सकता।

### रक्तदान शिविर लगाया गया

**पानीपतः आर्य** पीजी कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा पानीपत के नांगलखेड़ी गांव में 3 मार्च से 9 मार्च तक युवा सशक्तिकरण विषय पर लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्त की कमी के चलते हुए रैड क्रॉस के आह्वन पर ये शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया और शिविर के दौरान 54 यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर ब्लड बैंक, पानीपत से इंचार्ज डॉ. पूजा सिंघल ने विद्यार्थियों को एनीमिया के कारण व निदान पर जानकारी दी। जबकि प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस इकाई सेवा व समर्पण की भावना को जागृत करती है।

# विधायक, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षद ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**विधायक** सुरेंद्र पंवार, नगर निगम मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया ने मिशन चौक पर पहुंचकर दुकानदारों की समस्याएं सुनी। दुकानदारों ने बताया कि मिशन चौक से ककरोई चौक तक रेलवे फ्लाइओवर के नीचे सड़क को नया बनाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने व्यापारियों को बताया कि उन्होंने 25 करोड़ रुपये की लागत से शहर की सड़के बनवाने के लिए सड़को की सूची भेज दी थी, जिसमें से 1 करोड़ 26 लाख 88 हजार की लागत से मिशन चौक से कालूपुर चुंगी



तक बिटूमिंस की सड़क बनाई जाएगी, यह प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जल्द ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मंडी एरिया के व्यापारियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया कि मिशन चौक से ककरोई चौक फ्लाइओवर के नीचे रास्ता खस्ता हालत में हो गया है। कई स्थान पर गड्डें भी हो गए है, जिसकी वजह से वाहनों का आवागमन होने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रास्ते की हालत ठीक न होने की वजह से ग्राहकों को भी आने में मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने फ्लाइओवर के नीचे रास्ते को बिटूमिंस(तारकोल) से बनवाने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि शहर की सड़कों की हालत सुधारने के लिए वह लगातार प्रयासरत्त है। इसके लिए उन्होंने विधानसभा में सड़कों की हालत सुधारने के लिए बजट की मांग की थी।

# राजीव जैन ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद सीवर लाईन खुलवाई

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**राजेन्द्र नगर,** कल्याण नगर में कई माह से सीवरेज जाम की समस्या जी का जंजाल बनी हुई थी। कालोनी वासी विशेषकर महिलायें इकट्ठी होकर निगम के अधिकारियों के चक्कर काट-काट कर थक चुकी थी। अंत में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन पूरे अमले के साथ पहुंचे और 6 घण्टे की मशक्कत के बाद लाईन खुलवाकर राहत दिलवाई। कालोनी वासियों ने राजीव जैन का आभार प्रकट करते हुए बताया कि टेलिफोन एक्सचेंज के बाहर 25 फुट गहरी सीवरेज लाईन है, जो



जाम रहती थी। इस लाईन में कल्याण नगर तथा राजेन्द्र नगर का सीवर जुड़ा हुआ था। राजेन्द्र नगर वासियों ने पूरी कालोनी में नई पाईप लाईन भी डलवा ली थी परन्तु तब भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। महिलाओं ने भाजपा नेता राजीव जैन से गुहार लगाई और वह स्वयं मौके पर भाजपा नेता सुरेश कथूरिया, नगर निगम के जे.ई. प्रविन्द्र कुमार, सीवरेज सफाई सुपरवाईजर संजय वलेचा के साथ मोटर व सुपर शाकर मशीन लेकर पहुंचे। जब लाईन के मेनहॉल का ढक्कन खुलवाकर देखा और मशीनों से पानी निकलवाया तो पता चला कि लाईन में जेट मशीन का पाईप फंसा हुआ है। ठेकेदार को बुलवाकर लाईन खुलवाने का काम शुरू हुआ तो बी0एस0एन0एल0 के अधिकारियों ने काम रूकवा दिया कि लाईन खोदने से हमारी पूरे शहर की केबल कट जायेगी। राजीव जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाईन में से जेट पाईप निकालने की दोबारा कोशिश करो नहीं तो लाईन ब्रेक करके नया मेनहॉल बनवा देंगे। कई घंटों की कोशिश के बाद लाईन में से जेट पाईप निकालने में कामयाब हो गये और कालोनियों का सारा पानी निकल गया, जिससे समस्या का स्थायी समाधान हो गया। इस मौके पर हर्ष कथूरिया, शेर सिंह ,भीम सिंह ,कमला, नीरज ,दीपांशु ,गीता देवी, सरोज, रितिका, संतरा, राधेश्याम, विशाल, शीला, अमन ,गुणवती हरि ओम , रेनू ,सुदेश, विशाल, सुमन ,करण सिंह ,मोहित, नीलम, वेद प्रकाश, आनंद, पावन, भीम आदि आदि कालोनी वासी उपस्थित थे।

### पूरे देश व प्रदेश के सभी प्रांतो में किसान संघ किसानों के हित में कार्य कर रहा है: पुनीत राई

**राईः** भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस खेवड़ा गांव में किसान संघ के जिला मंत्री संजु खेवड़ा के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि उत्तरप्रदेश के गन्ना प्रमुख सोमबीर त्यागी का निगम पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई ने शिरकत की। किसान संघ के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों, गरीबों मजदूर को हक दिलाने में किसान सभा अग्रणी रही है। सोमबीर त्यागी ने कहा कि खून पसीना बहाकर देश की जनता का पेट भरने के लिए अनाज पैदा कर रहे हैं, लेकिन किसान कर्ज तले दब रहे हैं। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया। किसान नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि पूरे देश व प्रदेश के सभी प्रांतो में किसान संघ किसानों के हित में कार्य कर रहा है। आंदोलन, संघटन और प्रशिक्षण तीन पहलू किसान संघ के कार्य का आधार है। संघटन मजबूत करना, निश्चित वैचारिक धारणा से खड़ा करना यह भारतीय किसान संघ का प्रथम कर्तव्य है। संघटन में काम करने वाले कार्यकर्ता केवल भीड़ नही है। इस मौके पर प्रचार प्रमुख जयप्रकाश शर्मा, भाजपा नेता अनिल आंतिल, रमेश बढ़खालसा, तरूण प्रताप त्यागी, अरूण, दिनेश, कोषाध्यक्ष रामकिशन, अनिल आंतिल, अशोक कौशिक सुनील जिला महिला संयोजक,चांद मान आदि संघ के सदस्य मौजूद थे।

### कोर में महिलाओं ने सीखे आत्म रक्षा के गुर



**कोर** में जारी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के उपलक्ष्य में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की कड़ी में आज महिलाओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया । श्री एस.एन. विद्यार्थी प्रख्यात मार्शल आर्ट एवं स्पोर्टस निदेशक, मुख्य अनुदेशक कराटे एवं वुशू , महासचिव, वुशू एसोसिएशन ऑफ प्रयागराज ने महिलाओं को विभिन्न हमलों से बचाव के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया । श्री विद्यार्थी को आत्म रक्षा एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव प्राप्त है।

# गोकुल में वात्सल्य भाव की होली देख निहाल हुए श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रज** में होली का उल्लास अपने चरम पर पहुंच रहा है। होली के अनूठे रंग चहुंओर बिखर रहे हैं। दूर दराज से हजारों की तादाद में लोग ब्रज की अनूठी होली का साक्षी बनने के लिए ब्रज में डेरा जमाए हुए है। कान्हा की बाल लीला स्थली गोकुल में शनिवार को छड़ीमार होली खेली गई। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली के बाद गोकुल की छड़ीमार होली में अपने आराध्य के प्रति वात्सल्य का भाव था। गोकुल में छड़ीमार होली उत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में



श्रद्धालु यहां पहुंचे। बरसाना और नंदगांव की होली के बाद फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी को गोकुल में प्रसिद्ध छड़ीमार होली खेली जाती है। शनिवार को गोकुल स्थित नन्दभवन मंदिर में विशेष इंतजामात किए गए थे। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर को बालकृष्ण के श्रीविग्रह को पालकी में बिठाकर नंद भवन से बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं के साथ साथ गांव की गोपियों ने सज धज कर अपने अपने हाथों में छड़ी लेकर हिस्सा लिया। ग्वाले भी शोभायात्रा में शामिल हुए। जगह जगह श्रद्धालुओं ने बालकृष्ण की आरती उतारी और फूलों के साथ ही जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। पूरे कस्बे के भ्रमण के बाद बालकृष्ण की शोभायात्रा कस्बे में यमुना किनारे स्थित मुरलीधर घाट पर सम्पन्न हुई। इसके बाद यहां पहुंचे ग्वालों और गोपियों ने आपस में छड़ीमार होली खेली। गोकुल में छड़ीमार होली के उत्सव को एक परंपरा के रूप में मनाया जाता है जो सालों से चली आ रही है।

# कृषि क्षेत्र में आगे बढने की अपार संभावनाएं: स्वामी सरस्वती

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें मुख्य अतिथि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतवर्ष दो चीजों से जाना जाता हैं, एक है ऋषि, दूसरा है कृषि हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आगे बढ? की अपार संभावनाएं है। उम्मीद है कि प्रतिभागियों ने पांच दिवसीय



कार्यशाला में पूरा ज्ञान हासिल किया हैं, जिसे वे कृषि के क्षेत्र में लगाएंगे। जिससे देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश का किसान खुशहाल होगा तो तो देश आगे बढ़ेगा। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हासिल कर कृषि को ओर बढ़ाना हैं। क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान निदेशक डॉ. अजय सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि मशरूम की खेती कर युवा, किसान, महिलाएं न केवल सफल उद्यमी बन सकते है बल्कि अपनी आय को अन्य फसलों के मुकाबले तीन गुणा बढ़ा सकते हैं। मशरूम की खेती कम जमीन में भी की जा सकती हैं, लेकिन मशरूम की खेती को प्रशिक्षण लेकर किया जाए तो ये काफी बेहतर साबित होता हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखकर एमएचयू द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता हैं, जो लगातार चलता रहता हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया वे एमएचयू द्वारा बागवानी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न फसलों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करें, जो आय को बढ़ाने में सहायक होगा। मंच संचालन डॉ. हरजोत सिंह ने किया। मौके पर डॉ. मुनीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### छाता में फूलडोल महोत्सव नौ मार्च को

**मथुरा।** देश में सिर्फ दो ही दिन होली का महोत्सव मनाया जाता है लेकिन ब्रज में बसंत पंचमी से ही धीरे-धीरे होली का खुमार छाने लगता है और ब्रज में अलग-अलग जगह होली को लेकर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं और इन आयोजनों का 40 दिन तक ब्रज में खुमार छाया रहता है। वहीं छाता नगर के प्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर में फूलडोल का भव्य महोत्सव नौ मार्च को किया जाएगा। मंदिर के सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष होली के दूसरे दिन ढोल नगाड़ों के साथ फूलडोल उत्सव मनाया जाएगा जिसमे हजारों महिला पुरुष भक्त इसमें शामिल होते है।

# मुनित मोर पहलवान ने कुश्ती दंगल पुरखास में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**8 सावन सोनू अखाड़ा मांडोठी को 6.4 से हराकर फाइनल में सुभम मोखरा को चारों खाने चित्त कर के प्रथम स्थान हासिल किया**

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव पुरखास** में आयोजित कुश्ती दंगल में गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली के पहलवान मनीत मोर (बोल्ट) ने 42 किलोग्राम वर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमी फाइनल में सावन सोनू अखाड़ा मांडोठी को 6.4 से हराकर फाइनल में सुभम मोखरा को चारों खाने चित्त



कर के प्रथम स्थान हासिल किया। 3100 रुपए इनाम भी जीता । मुनीत मोर की जीत पर गुरु हनुमान एके-डमी संचालक नवीन मोर पहलवान भारत केसरी, भीम अवॉर्डी। पूर्व इंडिया कबड्डी कैप्टन चांद राम मोर, प्रधान धर्मबीर मोर, रमेश मोर, नवीन मोर के पिता रामकुमार मोर, सरपंच भंबल मोर दविंदर फौजी, कोच दलबीर तूर, अजीत मालिक पहलवान, मुनीत मोर के पिता सतीश कला, पुरखास गांव के हैल्थ केयर सोनीपत के अध्यक्ष बलजीत राठी व डा. रवि ढांगी, डा. सुमित ढांगी आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सुभाष रामलीला ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सुभाष रामलीला** ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में शुक्रवार को होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा गले लगाकर होली की मंगल शुभकामनाएं दी और पूरे जोश व उत्साह के साथ जमकर नृत्य कर होली मंगल मिलन के कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। होली आपसी द्वेष और अहंकार मिटाने वाला पर्व है। जाति धर्म के भेद एवं संप्रदाय की सोच से ऊपर उठकर यह त्यौहार हमें आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश देता है। सभी धर्मों के लोग गिले-शिकवे को भूल कर एक दूसरे को गले लगाकर इस पर्व को मनाते हैं। इसलिए इस पर्व को हिंदुओं का महान पर्व भी कहा जाता है। होली में बस कुछ ही दिन शेष है होली का खुमार हर तरफ चढ़ने लगा है।
जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब द्वारा नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में होली मंगल मिलन समारोह का बड़ी ही धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरेला वार्ड-2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, दैनिक एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, नरेला एसीपी कौशिक, नरेला थाना अध्यक्ष राजेश, आर. के. स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कौशिक, कृष्ण बंसल प्रधान, प्रमुख समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा, पूर्व प्रत्याशी विनोद भारद्वाज, पूर्व प्रत्याशी आनंद खत्री, जोगेंद्र दहिया, चौ. सूरजमल खत्री, सुनील खेड़ी, प्रमोद नरवाल, कृष्ण घी वाले, सदाराम गुप्ता, रजत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पटका कर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी में श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण की बाल लीलाएं, राधा कृष्ण प्रसंग, ब्रज भाव, बरसाने की होली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं गायकों ने आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा ब्रज में जैसे गीतों और भजनों एक से एक बढ़िया प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान सबने फूलों के साथ होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का पर्व होली जाति धर्म, अमीर-गरीब तथा अपने पराए का भाव त्यागकर के आपसी प्रेम में रंगने एवं समाज में मिलजुल कर रहने की सीख देता है। कार्यक्रम के दौरान सुरुचिपूर्ण प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश एंड संस के डायरेक्टर संदीप मंगला का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, प्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, संगठन सचिव अनिल कुमार गर्ग, सह सचिव निपुण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।







# रंजना महाजन बनी श्रीराधा कुंज बिहारी ट्रस्ट की चेयरपर्सन




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री**राधा कुंज बिहारी ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार कोली ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राधा कुंज बिहारी ट्रस्ट वृंदावन की ओर से पठानकोट के समाजसेवक श्याम लाल महाजन के फार्म हाउस में प्रेस वार्ता की गई। जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार कोली, सरपरस्त संत मोहन श्याम ठाकुर, ट्रस्ट के वॉइस सीनियर प्रेजेंट सतीश महाजन ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा की रंजना महाजन जो एक बड़ी समाज सेविका है उनको श्री राधा कुंज बिहारी ट्रस्ट की चेयरपर्सन नियुक्त किया जाता है। इस अवसर पर रंजना महाजन ने कहा की समाज के लिए हर कार्य करने के लिए हम तत्पर है। हमारा लक्ष्य समाजसेवा करना है, मैं अपनी जिम्मेवारी को बहुत ही अच्छे तरीके से निभाऊंगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार कोली ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। सतीश महाजन ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सभी ट्रस्ट के लोग धर्म का प्रचार करें।

# सरकार ने सिलेन्डर के दाम बढ़ा कर जनता को दिया होली का तोहफा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जे.एस.नेयोल ने कहा कि सरकार ने सिलेन्डर के दाम बढ़ाकर जनता को होली का तोहफा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के राज में रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिस कारण से देश के लोगों का रसोई का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहे है।
उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को महंगाई की समस्या से न जूझना पड़े। श्री नेयोल ने कहा कि आप व भाजपा ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सीबीएसएम** में दो दिवसीय नि:शुल्क हेल्थ एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन सीबीएसएम के द्वारा किया गया था। यह कार्यक्रम द्वारका के सेक्टर-13 में किया गया। इस कैंप में सभी प्रकार के परीक्षण एवं उपचार नि:शुल्क किए गए। नि:शुल्क हेल्थ एवं जागरुकता कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।
इस कैंप में बडी संख्या में द्वारका व आसपास के लोगों ने भी भाग लिया। कैंप में आने वाले लोगों की जांच के लिए करीब आधा दर्जन चिकित्सक मौजूद थे। उन्होंने लोगों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयों के साथ-साथ भौतिक चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक, व्यावसायिक चिकित्सा पर परामर्श दिए। कैंप के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. योगेश शहरवाल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मौसम बदलने के कारण होने वाली बीमारियों को ध्यान में रखते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएसएम के अध्यक्ष जी.बी. सिंह व एमडी हितेश सिंह कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राणा प्रताप बाग में श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव का आयोजन






**नई दिल्ली/तीरथ राज**
**राणा** प्रताप बाग के गोल चक्कर पर श्री पीपल महादेव मंदिर में सांवरिया मित्र मंडल के द्वारा निशान यात्रा का आयोजन और श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, निगम पार्षद रेनू अग्रवाल और राकेश अग्रवाल, पूर्व निगम पार्षद जोगी राम जैन, पूर्व निगम पार्षद नाथू राम नागर, पूर्व निगम पार्षद अरविन्द गर्ग, पूर्व निगम पार्षद राज खुराना सहित कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का सांवरिया मित्र मंडल केपदाधिकारियों ने स्वागत किया।इस मौके पर भजन गायक तरूण सोनी ने बाबा के भजन गाकर, कार्यक्रम में मौजूद भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर सांवरिया मित्र मंडल के प्रधान अमित बजाज, उपप्रधान राजेश बजाज, महासचिव अजय विरमानी, सचिव नीरज चोपड़ा, कोषाध्यक्ष अरूण नागपाल, संगठन मंत्री सुरेन्द्र बजाज, सहकोषाध्यक्ष अमित पुरी, कार्यकारिणी सदस्यों में संजय गोयल एडवोकेट, किशन कुमार नागपाल, नरेन्द्र अग्रवाल, मनोज सिंघल, श्याम सुन्दर ओबरॉय, पुनीत शर्मा, प्रशांत गुप्ता, वरूण जिंदल, विकास गुप्ता, देवेन्द्र बेहेल, नरेन्द्र गुप्ता, सुभाष गुर्जर, राजेश कुमार सिंघल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए मंडल के सचिव नीरज चोपड़ा ने बताया कि सांवरिया मित्र मंडल के द्वारा निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पीपल महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। श्री चोपड़ा ने आगे बताया शाम को श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया गया। जिसमें श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर सभी भक्त झूमें। कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेको संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। संध्या के पश्चात सभी आए लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।







# बुंदेलखण्ड की जल सहेलियों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**झांसी।**
जल संरक्षण में महिलाओं के प्रयासों को केंद्र में रखते हुए पहली बार केन्द्र सरकार ने महिलाओं को सम्मानित किया है। बुंदेलखंड के ललितपुर, झांसी व छतरपुर की जल सहेलियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को सम्मानित किया। ललितपुर की जलसहेली शारदा देवी और छतरपुर की गंगा देवी को राष्ट्रपति ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में स्वच्छ स्वजल शक्ति सम्मान दिया और झांसी की गीता देवी को गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वॉटर वारियर्स



सम्मान दिया। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के सचिव संजय सिंह ने बताया कि जल सहेलियों से प्रेरित होकर ही देश में महिलाएं जल संरक्षण के लिए आगे आई हैं। जल सहेलियों की शुरूआत एक दशक पहले हुई थी और अब इसका असर दिखने लगा है। आज देश के 7 जनपदों में 1100 से अधिक जल सहेलियाँ जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रयासरत हैं। जल सहेलियों के कार्यों से प्रेरित होकर देश भर में अब अन्य महिलाएं भी जल संरक्षण के लिए प्रयास कर रही हैं। जल सहेलियों को सम्मान मिलने से महिलाएं प्रेरित होंगी और जल संरक्षण की मुहिम से जुड़ेंगी। संजय सिंह का सपना है कि बुंदेलखंड के समस्त गांवों में कम से कम एक जल सहेली जल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय जरूर हो। संस्थान लम्बे समय से पानी पंचायत और जल सहेलियों के माध्यम से भी बुंदेलखण्ड में जल संरक्षण और संवर्धन की मुहिम चला रहा है। तालबेहट, ललितपुर के गांव विजयपुरा की शारदा ने अपने गांव में सूखी बरुआ नदी को पानीदार करने की मुहिम शुरू की और खाली बोरियों में रेत भर कर चेकडैम बना डाला। शारदा कहती हैं कि घर में पुरुष ही निर्णय लेते थे, पर्दा भी था लेकिन सबके विरोध के बावजूद भी हम बाहर निकले और गाँव की तीन दर्जन से ज्यादा महिलाओं को अपने साथ जोड़ कर चेकडैम बना डाला। छतरपुर की बड़ामलेहरा ब्लॉक के चौधरीखेरा गाँव की गंगा देवी ने अपने गाँव में पानी लाने के लिए अंधविश्वास से लड़ते हुए सूखे तालाब को पानीदार किया। वह कहती हैं कि मान्यता थी कि जो भी तालाब में पानी लाने की कोशिश करेगा उसका वंश नष्ट हो जाएगा लेकिन हमने सोचा कि पानी न होने से बेहतर है कि मर ही जाए।

## धधकती चिताओं के बीच मोक्ष तीर्थ मकिर्किाघाट पर चिता भस्म की होली खेली गई

वाराणसी।
रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन शनिवार को मोक्षतीर्थ महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेली गई। घाट पर धधकती चिताओं के बीच खेलें मसाने में होली दिगंबर गीत पर थिरकते हुए युवाओं की टोली ने हर-हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष से मोक्षतीर्थ को गुंजायमान कर दिया। काशी में मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के ससुराल पक्ष के अनुरोध पर रंगभरी एकादशी के दिन उनके गौने में पिशाच, भूत-प्रेत, चुड़ैल, डाकिनी-शाकिनी, औघड़, अघोरी, संन्यासी, शैव-साक्त सहित अन्य गण शामिल नहीं हो पाते हैं। बाबा तो बाबा हैं, औघड़ हैं, सभी के हैं और सभी पर एक समान कृपा बरसाते हैं। ऐसे में गौने में शामिल न हो पाने वाले अपने गणों को निराश नहीं



करते हैं। उन्हें गौने के अगले दिन महाश्मशान मणिकर्णिका पर बुलाकर उनके साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। इसी मान्यता को लेकर काशी में रंगभरी एकादशी के अगले दिन महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर मशाने की होली खेली जाती है। मणिकर्णिकाघाट पर इस अद्भुत चिता भस्म की होली देखने और शामिल होने के लिए श्रद्धालु पूर्वान्ह से ही पहुंचने लगे थे। मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महामशानेश्वर को विधिवत भस्म, अबीर, गुलाल और रंग चढ़ाकर डमरुओं की गूंज के बीच भव्य आरती की गई। इसके बाद आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों के साथ युवाओं की टोली जलती चिताओं के बीच आ गई और डमरुओं, नगाड़ों की थाप पर ह्यहर हर महादेवह्ल के जयकारे के बीच चिता-भस्म की होली खेली गई।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर से गोवंश को खींचने का वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** इस समय एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें मृत गोवंश को ट्रैक्टर से बांधकर खींचकर गौशाला से दूर ले जाया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। जबकि अभी तक किसी सरकारी अधिकारी या कथित गौरक्षकों ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वायरल वीडियो जिले के मौदहा विकासखंड के गांव सिजवाही का बताया जा रहा है। विचलित कर देने वाला वीडियो दिखाया नहीं जा सकता है। वैसे तो गौवंश के मरने की तस्वीरें आए दिन सामने आती रहती हैं और आए दिन गौशालाओं में गौवंश के नारकीय जीवन जीने और भूख-प्यास, सर्दी या गर्मी सहित धूप में तडपने की शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं। प्रशासन कार्यवाही करने की बात भी कहते हुए नहीं थकता है। अभी बीते माह ऐसी ही वीडियो वायरल हुई थी जिस पर वीडियो बनाने और वायरल करने वालों पर ही प्रशासन ने ग्राम प्रधान और सचिव से मिलकर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन अब एक बार फिर विचलित करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद से फोन नहीं लगने के चलते बात नहीं हो सकी है। तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने शनिवार को बताया कि मामला संज्ञान में आया है और इस पर उचित कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं आई है । मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### युवती ने गोमती नदी में कूदकर जान देने का प्रयास किया

**लखनऊ।** गोमतीनगर रिवर फ्रंट घूमने आई युवती ने शनिवार दोपहर को गोमती नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान दो युवकों ने युवती को नदी से बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया। नदी में क्यों कूदी, इसके बारे में युवती कोई सही जानकारी नहीं दे रही है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवती का नाम दुर्गा है और उसने नदी में कूदकर जान देने का प्रायस किया है। उसे बचाने वाले युवक सीतापुर निवासी संतोष और हरदोई का रहने वाला आटो चालक है। प्राथमिक उपचार के लिए उसे पास के सिविल अस्पताल ले जाया गया है, जहां युवती ने घटना को लेकर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। रिवर फ्रंट पर घूम रहे सीतापुर निवासी संतोष ने बताया कि एक युवती इधर-उधर घूम रही थी। अचानक वह चप्पल उतार कर नदी में कूद गई। उसे सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया गया और घटना के संबंध में पुलिस की ओर से युवती के परिवार को जानकारी दे दी गई है।

### तमंचा के साथ युवक की फोटो सोशल मीडिया में वायरल

**झांसी।** प्रदेश में इन दिनों सोशल मीडिया पर युवा वर्ग के लोगों का असलहों संग प्रदर्शन करना एक शौक बन चुका है। इसी क्रम में शनिवार को जनपद के एक युवक का वीडियो अवैध तमंचा के साथ वायरल हो रहा है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम इटायल निवासी एसके मुखिया उर्फ सुनील राजपूत की बताई जा रही है। तस्वीर में सुनील एक अवैध तमंचा के साथ दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया में सार्वजनिक हुए इस वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में मऊरानीपुर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह वीडियो काफी पुराना बताया गया है, फिलहाल जांच के लिए टीम गठित की गई है।

### विंध्याचल के चैत्र नवरात्र मेला को लेकर निरीक्षण का दौर शुरू

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र मेला की तैयारी को लेकर निरीक्षण का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन अभी न तो नगर पालिका परिषद और न ही विद्युत विभाग की ओर से कोई तैयारी शुरू की गई है। जबकि श्रद्धालुओं को सबसे अधिक परेशानी गंदगी व बिजली कटौती से रहती है। ऐसे में समय रहते तैयारियां नहीं हुईं तो विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दरअसल, 22 मार्च से चैत्र नवरात्र मेला आरंभ होगा। नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व शिवप्रताप शुक्ल व एएसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों के साथ विंध्यधाम का निरीक्षण किया।

## 1529 स्थानों पर होगा होलिका दहन

मुरादाबाद। रंगों के त्योहार होली के पावन पर्व पर इस बार जनपद में 1529 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसके मद्देनजर जिले को विभिन्न सेक्टर व जोन में बांटा गया। सभी सेक्टर और जोन व्यवस्था में अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को यह बताया कि होली का त्योहार मिलजुल कर शांति के साथ मनाई जाए इसके लिए शांति समिति की बैठकें की जा रही हैं। जिले में 1529 स्थानों पर होलिका दहन होगा, जिले में कुल 76 जुलूस और आठ मेले होते हैं। सभी स्थानों पर संबंधित मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।

# हर आयु वर्ग के व्यक्ति को बाल साहित्य का अध्ययन करना चाहिए

लखनऊ।
उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने सोहनलाल द्विवेदी की स्मृति में शनिवार को एक दिवसीय बाल साहित्य संगोष्ठी समारोह का आयोजन हिन्दी भवन, निराला सभागार में हुआ। दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती व सोहन लाल द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में वाणी वन्दना डॉ. कामिनी त्रिपाठी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. दिविक रमेश ने सोहन लाल द्विवेदी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हर आयु वर्ग के व्यक्ति को बाल साहित्य का अध्ययन करना



चाहिए। बाल साहित्य केवल बच्चों के लिए ही नहीं होता है बल्कि सभी को पढ़ना चाहिए। महानगरों में ही रहने वाला बच्चा ही बाल साहित्य को नहीं पढ़ता, ग्रामीण परिवेश में रहने वाला बालक भी उसको पढ़ता है। बाल रचना बच्चों के मनोविज्ञान को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए। रचना प्रक्रिया की दृष्टि से सभी साहित्य एक हैं। बाल साहित्य वस्तुतः सिखाने के लिए ही है। बाल साहित्य शिक्षाप्रद होना चाहिए। बाल विमर्श की भी बात होनी चाहिए। वर्तमान की मांग भी है कि बाल विमर्श पर व्यापक चर्चा हो। रचनाकार जब स्वयं से प्रश्न करता अथवा जिज्ञास प्रकट करता है तो एक अच्छा साहित्य की रचना करता है। रचना कलात्मक अभिव्यक्ति है। बाल साहित्य बच्चों को आवाज देता है। द्विवेदी जी की कविताएं कलात्मकता व रचनात्मकता से परिपूर्ण हैं। स्नेहलता ने कहा कि सोहन लाल द्विवेदी अमर कवियों में से एक हैं। उनकी रचनाएं हमें प्रेरणा देती हैं। लहरों से डरकर नौका कभी पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती..। द्विवेदी की ये अमर पंक्तियां जनमानस के मन मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ती हैं। स्नेहलता ने अपनी बाल रचना ह्यखबर जंगल से आई, होली आई, होली आईह्ल ह्यआज है आधार कल का, कल कभी न आयेगा...... सुनाई। रमाशंकर ने कहा, साहित्य व फिल्म दोनों का समाज निर्माण में महान भूमिका है। बाल फिल्में बच्चों के मन मस्तिष्क को काफी प्रभावित करती हैं। बच्चों में अनुशासन होना चाहिए परन्तु उनको हतोत्साहित न करें। बच्चों में विश्वास से अधिक आत्मविश्वास का होना आवश्यक है। बाल फिल्मों का उद्देश्य बच्चों में मनोरंजन के साथ-साथ चरित्र निर्माण का भी होना चाहिए। रमाशंकर ने अपनी बाल आधारित कहानी का पाठ भी किया। डॉ. जाकिर अली ह्यरजनीशह्ल ने कहा कि बाल विज्ञान कथा का प्रारम्भ 19वीं शताब्दी से हुआ।

# अपराधियों का साथ देने वालों का अब राजनीति में समय समाप्त

वाराणसी।
प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपराधियों की कोई शरण स्थली है तो वह केवल समाजवादी पार्टी है। अपराधी अगर लोकसभा या विधानसभा में पहुंचा है तो उसका कारण भी समाजवादी पार्टी है। एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आये उप मुख्यमंत्री मीडिया से रूबरू थे। प्रयागराज गोलीकांड घटना के साजिशकर्ता सदाकत खान की तस्वीर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ वायरल



होने से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों का साथ देने वालों का अब राजनीति में समय समाप्त हो रहा है। अब जो अपराध करेगा कानून के हिसाब से उस पर कार्रवाई की जाएगी। लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर मुखर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के विरोध प्रदर्शन पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दोनों पार्टियों के पास अब कोई भी ठोस मुद्दा नहीं बचा है। ये हमेशा महंगाई की बात करते हैं ।

## मेरठ में किसान की गोली मारकर हत्या

मेरठ। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के जंगेठी गांव में शनिवार को किसान की घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के जंगेठी गांव में ब्रह्म सिंह शुक्रवार की देर रात अपने घर में सो रहा था। शनिवार सुबह ब्रह्म सिंह की बेटी दूध लेने के लिए गई थी। उसी दौरान ब्रह्म सिंह की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ दौराला अभिषेक पटेल और इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा उत्तम सिंह राठौर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## रंगभरी एकादशी पर काशीपुराधिपति के साथ ढाई लाख शिवभक्तों ने खेली होली



**वाराणसी।**
रंगभरी एकादशी पर काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार देर रात तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में दर्शन पूजन किया। बाबा की गौना बारात दरबार में पहुंचने के पहले ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालु पहुंचने लगे। बोल बम और हर हर महादेव के साथ अबीर गुलाल और फूलों की वर्षा करते हुए जब श्रद्धालु बाबा दरबार में पहुंचे तब पूरा परिसर शिवमय हो गया था। दिन जैसे-जैसे ढलना शुरू हुआ वैसे-वैसे बाबा के भक्त धाम में आते रहे। शाम को जब रजत पालकी पर सवार होकर भोलेनाथ धाम परिसर में पहुंचे तो उनके विग्रह की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेकरार दिखे। रजत पालकी पर कोई अबीर गुलाल चढ़ाकर तो कोई स्पर्श करके अपने आप को धन्य समझ रहा था। पालकी आगमन के बाद गर्भगृह में बाबा की आरती उतारी गई। आरती के पश्चात सभी दरवाजे दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए गए। दर्शन पूजन का सिलसिला रात 11 बजे तक चलता रहा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सुबह से लेकर रात्रि 11 बजे तक करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन पूजन किया। उधर, विश्वनाथ धाम में आयोजित शिवार्चनम सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर थिरकते रहे। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति सौरव गौरव मिश्रा के कथक नृत्य से हुई। उन्होंने शिव वन्दना, आनन्द ताण्डव प्रस्तुत किया। द्वितीय प्रस्तुति डॉ हरि प्रसाद पौडयाल की बांसुरी वादन रही, जिसमें उन्होंने परम्परागत राग बजाकर हीरी धुन बजाई। तीसरी प्रस्तुति में डॉ सुप्रिया शाह द्वारा सितार पर राग पुरिया कल्याण और मिश्र पीलू का वादन किया गया। चौथी प्रस्तुति में कलाकार सरोज वर्मा द्वारा राग बागेश्री में शिव भजन और खेलें मसाने में होरी गाया गया। अन्तिम प्रस्तुति डॉ विजय कपूर का भजन गायन रहा। जिसमें उन्होंने-जब भक्त नहीं होंगे भगवान कहां होंगे, बाबा काशी विश्वनाथ खेलें होली गाया। जिस पर श्रोता जमकर झूमे।

# व्यापारियों के लिए सड़कों पर संघर्ष करने को हम तैयार

लखनऊ।
आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव के नेतृत्व में शनिवार को कार्यकारिणी की बैठक की गई। इसमें संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए डॉ छवि ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भाजपा शासन में कोई भी वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है, जिसमें विशेषकर व्यापारी वर्ग है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों पर लगातार सरकार की ओर से बंदिशें लगाई जा रही हैं जिससे व्यापारी वर्ग आशंका और भय में जी रहा है। कहा कि यह काफी दुख की बात है कि जिस लॉ एंड ऑर्डर की बात करके



भाजपा सत्ता में आई आज उसी का दुरुपयोग उसके द्वारा सर्वाधिक किया जा रहा है। भाजपा शासन में उप्र में नेशनल क्राइम ब्यूरो के अनुसार क्राइम रेट 7.4 है जो अब तक का सर्वाधिक क्राइम रेट है। उत्तर प्रदेश में आपराधिक घटनाओं की जानकारी देते हुए डॉ छवि यादव ने कहा कि मुरादाबाद में खेतान तिवारी नाम के व्यवसाई को 20 दिन पहले गोलियों से भून दिया गया, लेकिन आज तक पुलिस के हाथों कोई सुराग नहीं लगा। इसी तरह बलिया में नंदलाल गुप्ता को सूदखोरी की वजह से आत्महत्या करनी पड़ी एवं नगर निगम के ठेकेदार को पैसा ना मिलने के कारण आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि आज घरों में घुसकर व्यापारियों को पीड़ित किया जा रहा है जो पूर्ण रूप से निराधार और असंवैधानिक कृत्य है। डॉ छवि यादव ने कहा कि व्यापारियों के हित और जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई योजना नहीं है। कहा कि मार्च के अंतिम सप्ताह में हम अपने सम्मानित व्यापारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

# सुभासपा राष्ट्रीय सचिव समेत कई नेता निषाद पार्टी में शामिल

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पार्टी पदाधिकारियों ने गहरा झटका दिया है। शनिवार को पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता निषाद पार्टी में शामिल हो गए। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने विक्रमादित्य मार्ग स्थित सरकारी आवास पर सुभासपा छोड़कर आए पदाधिकारियों को अपने दल की सदस्यता दिलाई। निषाद पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर पार्टी की नीति और सिद्धान्तों से भटक गए हैं। उन्होंने कहा कि एक निजी यूट्यूब चैनल



पर ओमप्रकाश राजभर के सुपुत्र अरुण राजभर द्वारा कश्यप समाज को भिखमंगा कहकर बार-बार संबोधन से कश्यप, निषाद, केवट, मल्लाह, बिंद समेत अन्य सभी जातियां आहत हुई हैं। डॉ संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं, समाज में द्वेषता फैलाने वालों को जनता 2024 में सबक जरूर सिखाएगी। रमाकांत कश्यप ने कहा कि वो और उनके साथी बीते कई दिनों से लगातार सुभासपा प्रमुख से देश की महान विभूतियों पर की जा रही टिप्पणी को रोकने और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने की मांग करते आ रहे हैं। किंतु सामाजिक समरसता तो दूर की बात है हमारे समाज में जन्मे ऋषि-मुनियों को गाली देने की परम्परा शुरू कर दी है। अरुण राजभर को समझना होगा की महार्षि कश्यप एक वैदिक ऋषि थे। वह सप्त ऋषियों में से एक ऋषि हैं महर्षि कश्यप और हम उनके वंशज होने के नाते हम अपने कुल का अपमान व अपमानित करने वालों के साथ एक पल साथ भी नहीं रह सकते। इसी के चलते हम सब आज सामूहिक इस्तीफा दे रहे हैं।

**इन्होंने ली निषाद पार्टी की सदस्यता**

निषाद पार्टी सुप्रीमो की मौजूदगी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के रमाकांत कश्यप (राष्ट्रीय सचिव, सुभासपा), सीपी निषाद (प्रदेश उपाध्यक्ष, सुभासपा), विवेक शर्मा (प्रदेश महासचिव, सुभासपा) के साथ रविन्द्र यादव (प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उप्र), सहदेव प्रजापति (मंडल कोऑर्डिनेटर, कानपुर मंडल), उषा देवी (जिला उपाध्यक्ष औरैया), राजेश कुमार (जिला उपाध्यक्ष कानपुर देहात) समेत कई कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने सुभासपा प्रमुख और बेटे के समाज बांटने वाले बायन से आहत होकर इस्तीफा देकर निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सरकार्यवाह ने 'अनथक पथिक' पुस्तक का किया लोकार्पण

**लखनऊ।**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को स्वर्गीय राम निवास जैन की स्मृति में प्रकाशित पुस्तक ह्यअनथक पथिकह्ल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विद्या भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हमें इस बात का आभास नहीं था कि जैन साहब को इतनी जल्दी श्रद्धांजलि देनी पड़ेगी। वह समाज का कार्य करते-करते हमारे बीच से चले गये। सरकार्यवाह ने स्वर्गीय रामनिवास जैन के साथ बीते हुए समय को याद करते हुए कहा कि थोड़े ही समय में वह मेरे बहुत नजदीक आ गए थे । उनसे मिलने के बाद लगा कि जैसे वह बहुत पहले से हमारे परिचित रहे हों। रामनिवास जैन समाज कार्य के पथ पर चलते चलते समाज के पथ प्रदर्शक बन गए। उन्होंने नया पथ बनाया जिस पर सबको चलना चाहिए। वह सब से आत्मीयता और स्नेह से मिलते थे । मृदुभाषी होना उनकी पहचान थी। यही उनका सामाजिक जीवन था। अगर हम उनके कुटुंब और परिवार को देखेंगे तो वह एक सदगृहस्थ थे। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ और समाज के लिए वह कार्य करते-करते अपने परिवार के लिए समय चुरा लेते थे। वह एक सफल व्यवसायी थे। संघ के स्वयंसेवक के नाते समाज के लिए उन्होंने जो किया वह प्रेरणा है। सरकार्यवाह ने कहा कि वह कभी भी अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं हुए। उन्होंने समाज के सामने सेवा का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। वह सिर्फ लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लिए नहीं सोचते थे बल्कि उनके विचार में समग्र देश होता था। स्वर्गीय रामनिवास मन, कर्म और वचन से स्वयंसेवक थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 05 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी को सीएम योगी की सौगात

## यूपी में 115 नई बसें शुरू, इनमें 76 राजधानी बसें, यह हर जिले को लखनऊ से कनेक्ट करेंगी, पैनिक बटन जैसी हाईटेक सुविधाएं

### यात्रियों को राहत

**बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी**

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**होली से** पहले यूपी में 115 नई बसें शुरू हुई हैं। इनमें से 76 राजधानी बसें हैं। ये प्रदेश के 75 जिलों से लखनऊ के लिए चलेंगी। इसके अलावा 39 साधारण बसें हैं। सीएम योगी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजधानी बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें पैनिक बटन है। सीसीटीवी लगा है। बस में यात्रा के दौरान पीड़ित को 8 मिनट के अंदर पुलिस सहायता मिलेगी। रोडवेज की वेबसाइट से इनके टिकट की बुकिंग हो सकती है। राजधानी बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी। वहीं, शाम को वापस अपने जिलों के लिए लखनऊ से रवाना होगी। ऐसे में अगर कोई लखनऊ में अपने किसी भी काम के लिए के लिए आते हैं, तो उसके पास एक दिन में ही काम करा कर वापस लौटने का मौका रहेगा। सीएम योगी ने अपने आवास से बसों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, "यात्री मोबाइल पर खाना और नास्ते का ऑर्डर दे सकेंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में 1 लाख गांव को परिवहन सेवा से जोड़ने का काम किया जाएगा।" सीएम ने परिवहन मंत्री दयाशंकर से कहा कि इसको लेकर आप प्लानिंग करे। इसमें छोटे गांव में 30 सीटर बसें चलेंगी। राजधानी बस का किराया साधारण बस की अपेक्षा 13 पैसे प्रति किलोमीटर ज्यादा होगा।





**परिवहन मंत्री को लेकर सीएम ने ली चुटकी:** सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा दयाशंकर सिंह बलिया के लिए बस सेवा शुरू करना चाहते थे। अब बलिया के लिए सेवा शुरू होती तो बाकी जिलों से होकर गुजरना होता। ऐसे में पूरे प्रदेश की भलाई करते हुए 115 बसों की शुरूआत हुई है।

**'स्वास्थ्य विभाग के साथ हो एमओयू साइन':** सीएम ने कहा, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक एमओयू साइन किया जाए। इससे समय-समय पर ड्राइवर और कंडक्टर की मेडिकल जांच हो।

### यात्री दे सकेंगे सफर का फीडबैक

ऐप के माध्यम से कोई यात्री अपने सफर से संबंधित कोई जानकारी देना चाहता है, तो एप में इसकी सुविधा है। अपने फीडबैक में कंडक्टर का व्यवहार, ड्राइवर सही से बस को ड्राइव कर रहा था या नहीं। ऐसे ही दस बिंदुओं पर यात्री अपने फीडबैक को दे सकते हैं। उनके सफर का अनुभव सीधे विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा। उनके सुझावों से हमें अपनी सेवाओं में सुधार का भी अवसर मिलेगा। युजवेंद्र कुमार ने बताया कि ऐप में यात्रियों के लिए हेल्पफुल फीचर्स दिए गए हैं। इसमें यात्री अपने पुराने सफर को ट्रैक कर सकेंगे। इसमें उनके सभी पुराने ट्रांजेक्शंस को संभाल कर रखा जाएगा। इसके अलावा यात्रियों को टिकट बुक करते समय बस चुनने का मौका मिलेगा। यदि यात्री वॉल्वो बस से सफर करना चाहते हैं तो उनके रूट पर कोई वॉल्वो बस संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें ऐप पर मिल जाएगी। इसी तरह उनके रूट पर नॉन-स्टाप बस है तो वह भी दिखाई देगा।

**ऐसे कर सकते हैं ऐप का इस्तेमाल:** ऐप को का उपयोग करने करने के लिए पहले गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड करना होगा। फिर इस पर खुद का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसमें आपको अपनी आइडेंटिटी के लिए कोई सरकारी डॉक्यूमेंट नंबर (आधार कार्ड या पैन कार्ड) की जानकारी देनी होगी। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आपका आईडी और पासवर्ड जेनरेट हो जाएगा और अब आप ऐप का इस्तेमाल कर सकेंगे। होम पेज पर आपको कहां से कहां की यात्रा करनी है, इसकी विंडो ओपन रहेगी। यहां से आप डायरेक्टर टिकट बुक कर सकते हैं।

## बर्ड फ्लू से डरने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची/टीम एक्शन इंडिया**
होली से पहले बर्ड फ्लू की दस्तक ने चिकन प्रेमियों के रंग में भंग डाल दिया है। होली के त्योहार से पहले झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से लोग परेशान हैं। बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इस मामले पर शनिवार को विधानसभा के बाहर स्वास्थ्य मंत्री ने बयान दिया। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि अखबारों में बर्ड फ्लू की खबरें आ रही हैं। पशुपालन मंत्री और विभाग सारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। डरने की बात नहीं है। साथ ही कहा कि जब-जब बर्ड फ्लू आया है, हम ज्यादा मुर्गा खाये हैं। हां, मुर्गा को थोड़ा ज्यादा भूनकर खाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, दुमका और अन्य जिलों के साथ साथ राजधानी रांची में भी तीन मार्च को बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं।

## मेरे जन्मदिन पर एक पौधा लगा दें: शिवराज



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 5 मार्च को वे अपना जन्म-दिवस पूरे दिन कार्य कर मनाएंगे। जन-प्रतिनिधि और नागरिकों आदि से पुष्प-गुच्छ और अन्य तरह का स्वागत स्वीकार न कर पौध-रोपण से ही दिन की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार सुबह श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि उन्होंने जन-प्रतिनिधि कार्यकर्ता और आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे मुझे स्नेह करते हैं, तो मेरी जन्म वर्षगाँठ पर एक पौधा अवश्य लगा दें। साथ ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता का कार्य भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय बहुत महत्वपूर्ण है, बधाईयाँ प्राप्त करने में समय व्यतीत नहीं करेंगे। रविवार को भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लांचिंग का महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी हो रहा है।

### अपील

**यदि वे मुझे स्नेह करते हैं, तो मेरी जन्म वर्षगाँठ पर एक पौधा अवश्य लगा दें: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

**इन्दौर में पेड़ों की देखभाल के लिए शुरू की गई "ट्री-एम्बुलेंस" प्रशंसनीय पहल:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इन्दौर अद्भुत नगर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं- "इन्दौर एक दौर है जो समय से आगे चलता है।" इन्दौर में ट्री-एम्बुलेंस प्रारंभ कर एक और नवाचार किया गया है। अभी तक मनुष्यों और मवेशियों के लिए एम्बुलेंस का संचालन किया जाता है। अब इन्दौर शहर में सड़कों के किनारे, डिवाइडर और शहरी उद्यान में लगे बीमार पौधों की देख-भाल का जिम्मा ट्री-एम्बुलेंस के पास रहेगा।

## 'कार्यकर्ता के रूप में मोदी के नेतृत्व में चलकर मैं साथ हूं'

**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
**राजस्थान** की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने जन्मदिन से पहले बीकानेर संभाग के चूरु जिले के सालासर में बालाजी की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने बाद में जनसभा को संबोधि करते हुए कहा कि वे संगठन की कार्यकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के नेतृत्व में चलकर मैं आपके साथ हूं। अपने भाषण में वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए भावुक भी हुईं और बोलीं कि वे मेरे राजनीतिक गुरु हैं और आज मैं जो भी हूं उन्हीं की वजह से हूं। राजे ने बजरंग बली के जयकारे लगने के साथ ही 'हे बजरंग बली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण' का नारा बुलंद करते हुए भीड़ की तरफ हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारते हुए कहा कि मुझे आप सबसे प्यार है। मेरे जन्मदिन के दिन राजस्थान के कोने-कोने से लोग आकर मुझे प्यार देते हैं। राजमाता ने मुझे यह सिखाया था, राजस्थान की भूमि के लिए जान भी देनी पड़े तो पीछे मत हटना। वे बोलीं कि चार साल में उतार चढ़ाव में आपने मेरा साथ नहीं छोड़ा। आपने पहली बार 2003 में 120 सीटों के साथ भाजपा को जिताया। 2013 में मैंने सुराज संकल्प यात्रा में देखा कि कांग्रेस ने प्रदेश का क्या हाल कर दिया। आपने इतिहास रचा और विधानसभा में 163 और लोकसभा में 25 सीटें दीं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने शनिवार सुबह बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



### भावुक हुई

**भैरोंसिंह को याद करते हुए भावुक भी हुईं और बोलीं कि वे मेरे राजनीतिक गुरु हैं और आज मैं जो भी हूं उन्हीं की वजह से हूं**

## नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, सरपट दौड़ रहे हैं पंजाब के बाइकर

**मंडी/टीम एक्शन इंडिया**
**होली** व होला उत्सव के आते ही हिमाचल की सडकों पर पंजाब के बाइकरों का मौत को दावत देता खेल नजर आने लगता है। इन दिनों हजारों बाइकर यातायात नियमों को धज्जियां बताते हुए सडकों पर सरपट दौड़ रहे हैं। सिलैंसर को खोल कर, बड़े-बड़े झंडे लगाए, बिना हैलमेट, तीन-तीन सवार होकर ये बाइकर ऐसे दौड रहे हैं कि दूसरे चालकों को साइड में होकर अपनी जान बचाना पड़ रही है। हैरानी तो यह है कि हर जगह चालान बुक थामे व सीसीटीवी कैमरों के जरिए ऑनलाइन चालान करने वाली पुलिस इन बाइकरों के आगे लाचार है जबकि स्थानीय लोगों के धड़ाधड़ ऑनलाइन व ऑफलाइन चालान हो रहे हैं। इस बात को लेकर लोगों में चर्चा भी है और हैरानी भी है। तीन-तीन सवारियां एक बाइक पर सवार होकर तेज स्पीड से दौडना आम है जबकि हैलमेट तो किसी के सिर पर नहीं है। उपर से बड़ा झंडा लगाए ये बाइकर अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरे चालकों के लिए भी मौत को दावत देते नजर आ रहे हैं।

### कानून की परवाह नहीं

**तीन-तीन सवार होकर ये बाइकर ऐसे दौड रहे हैं कि दूसरे चालकों को साइड में होकर अपनी जान बचाना पड़ रही है।**

## 'लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं'

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए बहनों को भटकने की आवश्यकता नहीं है। भोपाल में 5 मार्च को योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में भी बहनों को इस योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने बहनों के नाम संदेश में कहा कि "मेरी प्रिय लाड़ली बहनों, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए भटकने की जरूरत नहीं है। मूल निवासी और आय प्रमाण-पत्र की भी आवश्यकता नहीं है। आप अनावश्यक परेशान न हों। इस योजना का लाभ लेने आपके गाँव, आपके शहर और आपके वार्ड में अधिकारी-कर्मचारी की टीम आएगी और वहीं बैठ कर आवेदन भरवाएगी। आप बिल्कुल परेशान न हों, आपका भाई है ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना को बहुत सरल बनाया गया है। रविवार 5 मार्च को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक होने वाले कार्यक्रम में विस्तार से जानकारी दूंगा कि योजना का लाभ कैसे उठाना है।

## मीडिया कर्मियों को दी धमकी

**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
पश्चिम बंगाल में एडिनोवायरस की वजह से बच्चों की लगातार हो रही है। इस मामले को कवर करने पहुंचे मीडिया कर्मियों को राज्य के स्वास्थ्य निदेशक सिद्धार्थ नियोगी ने धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि कैमरा जब्त करवा दूंगा। दरअसल, महानगर के राजकीय बीसी रॉय शिशु अस्पताल से पांच घंटे के अंतराल पर तीन बच्चों की मौत की खबर मिली। सभी में एडिनोवायरस संक्रमण के लक्षण थे। उसके कवरेज को लिए मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे थे।

## जोशीमठ प्रभावितों के लिए प्री फ्रेबीरकेटेड भवन बन कर तैयार

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का कार्य तेजी से जारी है। उद्यान विभाग की भूमि पर प्री फ्रेबीकेटेड भवन निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। ढाक में भी कुछ फ्रेबीकेटेड भवन तैयार हो गए हैं। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को उद्यान विभाग की भूमि में निर्मित प्री फ्रेबीरकेटेड भवन और ढाक में संचालित भवन निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि ढाक में अवशेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। साथ ही यहां पर जो भवन तैयार हो गए हैं, उनमें प्रभावितों को तत्काल शिफ्ट किया जाए। जोशीमठ में उद्यान विभाग की भूमि पर 1 बीएचके, 2 बीएचके और 3 बीएचके भवन तैयार हो चुके हैं। ढाक में 15 फ्रेबीकेटेड भवनों में से कुछ भवन पूर्ण रूप से तैयार कर लिए गए हैं और कुछ भवनों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यहां पर फिनिशिंग का काम चल रहा है।



**निर्देश** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की, बचत सखी कार्यक्रम का भी किया लोकार्पण

## 'अधिकारी गांवों में चौपाल लगाकर जन समस्याओं का करें निस्तारण'

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत बचत सखी कार्यक्रम का लोकार्पण भी किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समूह की दीदीयों द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाब, बुके इत्यादि को देखकर उनके कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने विकास खंड चोलापुर में अर्बन मिशन के अंतर्गत बने पाली हाउस में बनी 10 दुकानों का आवंटन प्रमाण पत्र भी समूह की महिलाओं को दिया। पाली हाउस में आर्गेनिक सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बीसी सखी के अंतर्गत लोगों का भी लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं द्वारा बन रहे श्रीप्रसादम की भी प्रशंसा की।

जिले में बन रहे आदर्श अमृत सरोवर की जानकारी लिये जाने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 20 सरोवर को आदर्श रूप दिया जा रहा। जिसको जी-20 की बैठक के दौरान आने वाले अतिथियों को भी दिखाया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से गावों में जन चौपाल लगाकर लोगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आदेश भी संबंधित विभागों को दिया।

